स्कूल की छुट्टी के बाद दोनो पावरोटी और सेब आधा करके खाएंगे।

वे लोग एक पूरी चीज को समान दो भागों में भाग करके खाएंगे।
उनमें प्रत्येक ने आधी पावरोटी और आधा सेब खाया।
अब समझा 'आधा' लेने का माने पूरी चीज को समान दो भागों में भाग करके उसका एक भाग लेना।



*मेरे पास दो लॉजेंस हैं।*
*समान दो भागों का एक भाग कितना होगा।*



समान दो भागों का एक भाग होगा →  एक लॉजेंस

हममें प्रत्येक १ करके लॉजेंस खायेगा।

लेकिन आधा हुआ समान २ भागों का १ भाग। छोटा करके किस तरह लिखेंगे।

इसप्रकार, आधा = समान २ भागों का १ भाग = $\frac{१}{२}$ भाग



यहाँ, $\frac{१}{२}$ का १ अंश और २ हर

आज टिफ़िन के बाद हमारी चित्रकला की घंटी है।



सुनीति दीदी की चित्रकला की घंटी है। उन्होंने प्रत्येक को एक आयताकार कागज देकर उसमें समान दो मोड़ देने को कहा।





समान दो मोड़ हुआ क्या? कैसे समान दो मोड़ करेंगे?



कागज के एक मोड़ को दूसरे मोड़ के साथ मिलाकर देखो।

इस तरह →  → समान नहीं हुआ।



अब मैं अपने कागज को समान दो भागों में मोड़ सका



सुनीति दीदी ने मोड़ के एक तरफ हरा रंग भरने तथा दूसरी तरफ मनपसंद चित्र बनाने को कहा।



मैंने आधे जगह को हरा रंग दिया और ☐ जगह में चित्र बनाया।

आधा माने समान ☐ भागों का ☐ भाग।

$\frac{१}{२}$ का अंश ☐ और हर ☐ होगा।



रोहित ने मन बनाया कि दूसरे मोड़ पर दो चित्र बनाऊँगा।



अत: रोहित ने अपने कागज को समान ☐ भागों में भाग किया।

उसने अपने कागज के समान ४ भागों के ☐ भाग में फूल बनाया।

मैंने अपने कागज के $\frac{☐}{☐}$ भाग में चित्रांकन किया।

रोहित ने अपने कागज के $\frac{☐}{☐}$ भाग में फूल बनाया।

## चित्र देखें और खाली घरों में लिखने की चेष्टा करें



→ समान ☐ भागों के ☐ भाग में चित्र बनाया गया है।

अतः चित्रांकन हुआ ☐ भाग में। यहाँ अंश ☐ और हर ☐।



→ समान ☐ भागों के ☐ भाग में चित्र है

अतः ☐ भाग में चित्र है। यहाँ अंश ☐ और हर ☐ है।



→ हरा रंग समान ३ भागों का १ भाग

$\frac{१}{३}$ भाग में हरा रंग है। यहाँ अंश १ और हर ३ है।



→ लाल रंग समान ☐ भागों का ☐ भाग → ☐ भाग में

→ पीला रंग समान ☐ भागों का ☐ भाग → ☐ भाग में

→ नीला रंग समान ☐ भागों का ☐ भाग → ☐ भाग में

देखें और खाली घरों में कितने भाग रंगीन है लिखें।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
|  |  |  |  |  |  |
| भाग | भाग | भाग | भाग | भाग | भाग |

नीचे सटीक भागों में मन पसंद रंग भरें।

| | | | |
|---|---|---|---|
|  |  |  |  |
| $\frac{१}{२}$ भाग | $\frac{२}{३}$ भाग | $\frac{३}{५}$ भाग | $\frac{५}{६}$ भाग |

रंगीन घरों को गिनकर लिखें कितने भाग रंगीन हैं।



गुलाबी रंग = $\frac{८}{४८}$ भाग में

पीला रंग = ☐ भाग में

हरा रंग = ☐ भाग में

नीला रंग = ☐ भाग में

रंग नहीं है = ☐ भाग में

## चित्र देखें रंग भरें

| अंश | हर | भिन्न | | |
|---|---|---|---|---|
| ३ | ५ | ३/५ |  | |
| | | १/४ |  | |
| २ | ३ | |  | |
| | | |  | |
| | | १/३ |  | |
| | | |  | |
| १ | २ | |  | |
| | ४ | |  | (स्वयं करें) |

## चित्र देखें और दोनों ओर मिलाएं

| | | |
|---|---|---|
| $\frac{१}{५}$ |  | समान ५ भागों का ३ भाग |
| $\frac{२}{३}$ | | समान ४ भागों का २ भाग |
| $\frac{१}{६}$ | | समान ५ भागों का १ भाग |
| $\frac{२}{४}$ | | समान ४ भागों का ३ भाग |
| $\frac{३}{५}$ | | समान ६ भागों का १ भाग |
| $\frac{३}{४}$ | | समान ३ भागों का २ भाग |

## घरों में लिखें अथवा समझकर रंगीन करें

| | | | |
|---|---|---|---|
|  $\frac{३}{४}$ भाग |  $\frac{४}{६}$ भाग |  $\frac{५}{६}$ भाग |  $\frac{४}{५}$ भाग |
|  $\frac{\square}{\square}$ भाग |  $\frac{१}{२}$ भाग |  $\frac{३}{४}$ भाग | स्वयं तैयार करें $\frac{\square}{\square}$ भाग |

**शिक्षण सामर्थ्य :** *साधारण भिन्न की धारणा। प्रकृत भिन्न की धारणा। अंश और हर की धारणा।*

# लड्डू बांट कर खाएं



आज शनिवार है। स्कूल से जल्दी छुट्टी हो गई। इसलिए मैं आज शाम रफीक के घर गया। रफीक की नानी ने बहुत से लड्डू बनाए हैं। उन्होंने मेरे लिए, रफीक के लिए और रफीक की बहन नसीमा के लिए एक प्लेट में ६ लड्डू दिए।

*नसीमा ने कितने लड्डू खाए, देखें।*



नसीमा ने प्लेट के लड्डुओं का आधा अथवा $\frac{१}{२}$ भाग खा लिया

नसीमा खायी  लड्डुओं का $\frac{१}{२}$ भाग = ☐ लड्डू।

रफीक ने खाया [ १ ] लड्डू। अर्थात प्लेट में रखे कुल लड्डुओं का ☐ भाग।

मैंने खाए बचे ☐ लड्डू। अर्थात प्लेट में रखे कुल लड्डुओं का ☐ भाग।

थोड़ी देर बाद नानी ने और एक प्लेट में आठ लड्डू दिए।
अब रफीक ने मुझे उस प्लेट के आधे लड्डू दिए अथवा उस प्लेट के लड्डुओं का $\frac{१}{२}$ भाग।

रफीक ने मुझे दिया  लड्डुओं का $\frac{१}{२}$ भाग = ☐ लड्डू दिया।

रफीक ने स्वयं खाये २ लड्डू अर्थात ८ लड्डुओं का ☐ भाग।

नसीमा ने खाए बचे ☐ लड्डू अर्थात ८ लड्डुओं का ☐ भाग।

मैंने कुल लड्डू खाये = (☐ + ☐) लड्डू = ☐ लड्डू।

नसीमा ने कुल लड्डू खाये = (☐ + ☐) लड्डू = ☐ लड्डू।

रफीक खाये = (☐ + ☐) लड्डू = ☐ लड्डू।

मैंने खाया १४ लड्डुओं का ☐ भाग। नसीमा ने खाया १४ लड्डुओं का ☐ भाग।

रफीक ने खाया १४ लड्डुओं का ☐ भाग।

$\frac{१}{२}$ भाग में हरा रंग भरें





$\frac{१}{३}$ भाग में लाल रंग भरें





$\frac{१}{४}$ भाग में नीला रंग भरें





$\frac{२}{३}$ भाग में पीला रंग भरें







## कितना रंग भरा, देखें

आज मैंने, निशा, तुषार और सोफिया ने निश्चित किया है कि तरह-तरह के आकारों के विभिन्न भागों में विभिन्न रंगों को भरकर उन्हें अपनी कापी के पन्नों पर चिपकाएंगे। एक आयताकार कागज लिया। उस कागज को ४ सामान भागों में मोड़ा। ➠ 

पहले मैंने १ मोड़ में नीला रंग भरा।  ➠ नीला रंग $\frac{\square}{\square}$ भाग।

फिर, निशा ने २ मोड़ों में नारंगी रंग भरा  ➠ नारंगी रंग $\frac{\square}{\square}$ भाग।

इसप्रकार मेरे और निशा द्वारा किया गया रंग

= नीला रंग + नारंगी रंग = $\frac{१}{४}$ भाग + $\frac{२}{४}$ भाग ➠  ➠ $\frac{३}{४}$ भाग।

पाया, $\frac{१}{४}$ भाग + $\frac{२}{४}$ भाग = $\frac{३}{४}$ भाग

तुषार ने वृताकार कागज लेकर उस कागज के समान ८ मोड़ किए। 

तुषार ने उस कागज के ३ मोड़ों में हरा रंग भरा ➠  ➠ हरा रंग $\frac{\square}{\square}$ भाग।

सोफिया ने २ मोड़ों में लाल रंग भरे ➠  ➠ लाल रंग $\frac{\square}{\square}$ भाग।

कुल रंगीन ➠  ➠ $\frac{५}{८}$ भाग।

हरा रंग वाला भाग + लाल रंग वाला भाग = $\frac{३}{८}$ भाग + $\frac{२}{८}$ भाग = $\frac{५}{८}$ भाग।

पाया, $\frac{३}{८} + \frac{२}{८} = \frac{३ + २}{८} = \frac{५}{८}$

## मजेदार खेल

आज मैंने गोलाकार पीचबोर्ड लिया। उसे समान ४ भाग किया। प्रत्येक भाग में अलग-अलग रंग भरा।



लाल रंग ➠ ☐ भाग

नीला रंग ➠ ☐ भाग

पीला रंग ➠ ☐ भाग

हरा रंग ➠ ☐ भाग

चार समान टुकड़े  मिले।

*अब यदि सभी टुकड़ों को जोड़ दूं तब क्या पाता हूँ, देखूं*

कुल रंगीन भाग पाया, समान ४ भागों का ४ भाग = $\frac{४}{४}$ भाग।





इस $\frac{४}{४}$ भाग को क्या बोलेंगे ?

इस भाग को १ भाग अथवा सम्पूर्ण कहा जाता है।

इसप्रकार टुकड़ों को एक साथ जोड़कर १ भाग अथवा सम्पूर्ण पीचबोर्ड पाया।

पाया, पीचबोर्ड का लाल रंग का भाग + नीला रंग का भाग + पीला रंग का भाग + हरा रंग का भाग

= $\frac{१}{४}$ भाग + $\frac{१}{४}$ भाग + $\frac{१}{४}$ भाग + $\frac{१}{४}$ भाग

= $\frac{१ + १ + १ + १}{४}$ भाग

= $\boxed{\frac{\square}{४}}$ भाग = १ या सम्पूर्ण।

## चित्र देखें और स्वयं करें



चित्र में (नारंगी) $\frac{\square}{\square}$ भाग और (हरा) $\frac{\square}{\square}$ भाग मिलकर $\frac{३}{४}$ भाग नक्शा मिला।

$$\frac{१}{४} + \frac{२}{४} = \frac{\square + \square}{४} = \frac{\square}{४}$$



चित्र में (नारंगी) $\frac{\square}{\square}$ भाग और (गुलाबी) $\frac{\square}{\square}$ भाग मिलकर $\frac{\square}{\square}$ भाग नक्शा मिला।

$$\frac{१}{५} + \frac{३}{५} = \frac{\square + \square}{\square} = \frac{\square}{\square}$$



चित्र में (हरा) $\frac{\square}{\square}$ भाग और (बैंगनी) $\frac{\square}{\square}$ भाग मिलकर $\frac{\square}{\square}$ भाग नक्शा मिला।

$$\frac{३}{४} + \frac{१}{४} = \frac{\square}{\square} = \boxed{१}$$ या सम्पूर्ण

## जोड़ें और चित्रों में अलग-अलग रंग भरकर जाँच करें

१। $\frac{१}{४} + \frac{२}{४} = \frac{\square}{\square}$ →




२। $\frac{२}{३} + \frac{१}{३} = \frac{\square}{\square}$ →



३। $\frac{३}{६} + \frac{१}{६} + \frac{१}{६} = \frac{\square}{\square}$ →



४। $\frac{४}{७} + \frac{२}{७} + \frac{१}{७} = \frac{\square}{\square}$ →



= $\square$ या सम्पूर्ण अथार्त् पूरा चित्र रंगीन हुआ।

## चित्रों के बिना जोड़ें

| | | |
|---|---|---|
| ५। (क) $\frac{३}{७}+\frac{२}{७} = \frac{\square}{\square}$ | (ख) $\frac{१}{५}+\frac{३}{५} = \frac{\square}{\square}$ | (ग) $\frac{१}{१०}+\frac{३}{१०}+\frac{५}{१०} = \frac{\square}{\square}$ |
| (घ) $\frac{३}{८}+\frac{४}{८} = \frac{\square}{\square}$ | (ङ) $\frac{४}{९}+\frac{२}{९} = \frac{\square}{\square}$ | (च) $\frac{५}{८}+\frac{\square}{८} = \frac{७}{८}$ |
| (छ) $\frac{१}{१०}+\frac{७}{१०} = \frac{\square}{\square}$ | (ज) $\frac{५}{६}+\frac{१}{६} = \frac{\square}{\square} = \square$ | (झ) $\frac{१}{९}+\frac{२}{९}+\frac{४}{९} = \frac{\square}{\square}$ |
| (ञ) $\frac{३}{५}+\frac{\square}{५} = \frac{\square}{\square}$ | (ट) $\frac{३}{८}+\frac{\square}{८} = \frac{\square}{\square}$ | (ठ) $\frac{१}{७}+\frac{२}{७}+\frac{४}{७} = \frac{\square}{\square} = \square$ |

शिक्षण सामर्थ्य : *हर एक समान रखकर प्रकृत भिन्नों का जोड़ एवं योगफल १ अथवा १ से कम। सम्पूर्ण या १ अंक की धारणा।*



## किसने अधिक पाया देखें

बर्धमान जिला में मशाग्राम स्थित रजनी के घर की छत वाले कुम्हड़े की लता के शाखों में दो बड़े आकार वाले कुम्हड़े लगे हैं। रजनी प्रतिबार अपने पौधे की फलन से अपने गाँव के मित्रों को देती है। इसबार अनिल चाचा ने कुम्हड़ा माँगा है।

अतः रजनी ने पौधे से १ कुम्हड़ा तोड़कर उसके ४ समान भाग किए। ४ भागों का २ भाग अनिल चाचा को और १ भाग रहमान चाचा को तथा बाकी बचे ☐ भाग को घर के लिए रखा।

अनिल चाचा पाए, पूरे कुम्हड़े के ☐ भागों का ☐ भाग या $\frac{\square}{\square}$ भाग

रहमान चाचा पूरे कुम्हड़े के ☐ भागों का ☐ भाग या $\frac{\square}{\square}$ भाग पाए।

घर के लिए रखा, पूरे कुम्हड़े के ☐ भागों का ☐ भाग या $\frac{\square}{\square}$ भाग।

अतएव अनिल चाचा के कुम्हड़े का परिमाण ☐ रहमान चाचा के कुम्हड़े का परिमाण [>/< बैठाएं]

| $\frac{२}{४}$ भाग $>$ $\frac{१}{४}$ भाग | → | $\frac{२}{४} > \frac{१}{४}$ |
|---|---|---|

माँ ने दूसरे कुम्हड़े के ६ समान टुकड़े किए। माँ ने ६ टुकड़ों में से २ टुकड़े मिनू को दिए। और बाकी ४ टुकड़े सबीना को दिए।




मिनू ने पाया ६ टुकड़ों के २ टुकड़े अर्थात $\frac{\square}{\square}$ भाग

सबीना ने पाया ६ टुकड़ों के ४ टुकड़े अर्थात $\frac{\square}{\square}$ भाग $\therefore$ ☐ का भाग $>$ ☐ का भाग

इसप्रकार $\frac{\square}{\square}$ ☐ $\frac{\square}{\square}$ [>/< बैठाएं]

## नीचे के चित्र में रंगों देखें और खाली घरों में लिखें



लाल रंग → $\frac{\square}{\square}$ भाग में, हरा रंग → $\frac{\square}{\square}$ भाग में, रंग नहीं भरा गया → $\frac{\square}{\square}$ भाग में,

बैगनी रंग → $\frac{\square}{\square}$ भाग में, अन्य रंग भरा → $\frac{\square}{\square}$ भाग में

चित्र में लाल रंग वाला भाग □ हरे रंग वाले भाग से [>/< बैठाएं]

अत: $\frac{\square}{\square}$ □ $\frac{\square}{\square}$ [>/< बैठाएं]

चित्र में बैगनी रंग वाला भाग □ हरे रंग वाले भाग से [>/< बैठाएं]

अत:, $\frac{\square}{\square}$ □ $\frac{\square}{\square}$ [>/< बैठाएं]

चित्र में मेरे द्वारा भरे गए अन्य रंग का भाग □ हरे रंग वाले भाग से [>/< बैठाएं]

अत: $\frac{\square}{\square}$ □ $\frac{\square}{\square}$ [>/< बैठाएं]

चित्र में रंग नहीं भरा गया भाग □ हरे रंग वाले भाग से [>/< बैठाएं]

अत: $\frac{\square}{\square}$ □ $\frac{\square}{\square}$ [>/< बैठाएं]

पाया, भिन्नों के हर समान रखकर अंश के बढ़ने और घटने से भिन्नों का मान बढ़ता और घटता है।

## स्वयं तैयार करें

सहाना ने एक आयताकार कागज लिया। कागज के ऊपर उसने एक खॉंका तैयार कर उसके अनेक भाग किये और सभी घरों में रंग भरा।



सहाना ने हरा रंग भरा $\frac{\square}{\square}$ भाग में, नारंगी रंग भरा $\frac{\square}{\square}$ भाग में, नीला रंग भरा $\frac{\square}{\square}$ भाग में

अन्य रंग भरा $\frac{\square}{\square}$ भाग में




हरा रंग का भाग □ नारंगी रंग का भाग □ [>/< बैठाएं] अतः, $\frac{\square}{\square}$ □ $\frac{\square}{\square}$ [>/< बैठाएं]

नारंगी रंग का भाग □ नीले रंग का भाग [>/< बैठाएं] अतः, $\frac{\square}{\square}$ □ $\frac{\square}{\square}$ [>/< बैठाएं]

कुल रंगीन हुए → हरा रंग का भाग + नारंगी रंग का भाग + नीला रंग का भाग + अन्य रंग का भाग

= $\frac{\square}{\square}$ भाग + $\frac{\square}{\square}$ भाग + $\frac{\square}{\square}$ भाग + $\frac{\square}{\square}$ भाग = $\frac{\square}{\square}$ भाग = □ भाग = सम्पूर्ण

## >/< बैठाएं

(१) ३/८ □ ५/८ (२) २/७ □ १/७ (३) ८/११ □ ९/११ (४) ५/३६ □ ७/३६

(५) ६/१३ □ १३/१३ (६) ८/११ □ ११/११ (७) ७/१० □ १ (८) १ □ ३/५

**शिक्षण सामर्थ्य :** *समान हर वाले साधारण भिन्नों में छोटे और बड़े की धारणा।*

## पेंसिल से नक्शा बनाएं और जरूरत के अनुसार निकाल दें

मनीषा अपनी कॉपी के पन्नों के विभिन्न भागों में पेंसिल से तरह-तरह का नक्शा बनाएगी।

मनीषा ने अपनी कॉपी के एक आयताकार पन्ने पर बनाए—



→ $\frac{\square}{\square}$ भाग में नक्शा बनायी है।

लेकिन मनीषा को उसका कुछ भाग पसंद नहीं आया। अर्थात वह १ भाग को अर्थात समान □ भाग के १ भाग को मिटाना चाहती है।

पहले मनीषा ने नक्शा बनाया □ भाग में, मिटाना चाहती है □ भाग को।



→ $\frac{\square}{\square}$ भाग मिटा देने के बाद →



→ $\frac{\square}{\square}$ भाग।

पाया, $\frac{३}{४}$ भाग − $\frac{१}{४}$ भाग $\frac{२}{४}$ भाग

$\frac{३}{४} - \frac{१}{४} = \frac{\square}{४}$

मनीषा ने दूसरे एक पन्ने पर बनाया →



→ अत: $\frac{\square}{\square}$ भाग में नक्शा बनाया।

कॉपी के पन्ने पर बनाए गए नक्शे का भाग → □ समान □ भागों का → $\frac{\square}{\square}$ भाग।

कॉपी पर बने नक्शे का □ भाग मिटा देने पर क्या मिला देखें →



→ $\frac{\square}{\square}$ भाग।

पाया, $\frac{४}{५}$ भाग − $\frac{३}{५}$ भाग = $\frac{\square}{\square}$ भाग

$\frac{४}{५} - \frac{३}{५} = \frac{\square}{\square}$

 ■ रंग वाले भाग को मिटा देने पर मिला → 

रंगीन $\frac{\square}{\square}$ भाग रंगीन $\frac{\square}{\square}$ भाग

$\frac{३}{४}$ भाग − $\frac{१}{४}$ भाग = $\frac{\square}{\square}$ भाग

$\frac{३}{४} - \frac{१}{४} = \frac{\square}{\square}$

 ■ रंग वाले भाग को मिटा देने पर मिला → 

रंगीन $\frac{\square}{\square}$ भाग रंगीन $\frac{\square}{\square}$ भाग

चित्र से मिला, $\frac{\square}{\square}$ भाग − $\frac{\square}{\square}$ भाग = $\frac{\square}{\square}$ भाग

$\frac{४}{५} - \frac{२}{५} = \frac{\square}{\square}$

 ■ रंग वाले भाग को मिटा देने पर मिला → 

रंगीन $\frac{\square}{\square}$ भाग रंगीन $\frac{\square}{\square}$ भाग

चित्र से मिला १ भाग − $\frac{१}{४}$ भाग = $\frac{४}{४}$ भाग − $\frac{१}{४}$ भाग $\frac{\square}{\square}$ भाग

$१ - \frac{१}{४} = \frac{\square}{\square} - \frac{\square}{\square} = \frac{\square}{\square}$

## खाली घरों में लिखें और चित्र बनाकर जाँचें

$\frac{३}{४} - \frac{१}{४} = \frac{\square}{\square}$



$\frac{१}{४}$ भाग मिटा देने के बाद →



$\frac{\square}{\square}$ भाग　　　　$\frac{\square}{\square}$ भाग

$\frac{४}{५} - \frac{२}{५} = \frac{\square}{\square}$



$\frac{२}{५}$ भाग मिटा देने के बाद →



$\frac{४}{५}$ भाग　　　　$\frac{\square}{\square}$ भाग

## बिना चित्र बनाए स्वयं करें

| | | |
|---|---|---|
| (क) $\frac{५}{८} - \frac{२}{८} = \frac{\square}{\square}$ | (ख) $\frac{४}{६} - \frac{३}{६} = \frac{\square}{\square}$ | (ग) $\frac{७}{१०} - \frac{२}{१०} = \frac{\square}{\square}$ |
| (घ) $\frac{८}{१३} - \frac{२}{१३} = \frac{\square}{\square}$ | (ङ) $\frac{६}{९} - \frac{\square}{९} = \frac{२}{९}$ | (च) $\frac{६}{११} - \frac{\square}{११} = \frac{३}{११}$ |
| (छ) $\frac{\square}{७} - \frac{१}{७} = \frac{४}{७}$ | (ज) $\frac{\square}{११} - \frac{४}{११} = \frac{३}{११}$ | (झ) $१ - \frac{२}{५} = \frac{\square}{\square}$ |
| (ञ) $१ - \frac{३}{७} = \frac{\square}{\square}$ | (ट) $१ - \frac{६}{१५} = \frac{\square}{\square}$ | (ठ) $१ - \frac{२}{५} = \frac{५}{५} - \frac{२}{५} = \frac{\square}{\square}$ |

**शिक्षण सामर्थ्य :** *हर समान रखते हुए दो साधारण भिन्नों का वियोग अथवा १ से किसी साधारण भिन्न के घटाव की धारणा।*




## स्कूल की चहारदीवारी रंगें

सुजाता और समीर ने तय किया है कि स्कूल की चहारदीवारी को रंगेंगे। सुजाता ने पाँचिल का $\frac{२}{८}$ भाग रंगा है और समीर ने $\frac{१}{८}$ भाग।

उन दोनो ने कुल चहारदीवारी रंगा है $\frac{\boxed{२}}{\boxed{८}}$ भाग + $\frac{\boxed{१}}{\boxed{८}}$ भाग

$= \frac{\square}{\square}$ भाग




कुल कार्य = १ भाग

अतः बाकी है १ भाग − $\frac{\square}{\square}$ भाग = $\frac{८}{८}$ भाग − $\frac{३}{८}$ भाग = $\frac{\square}{\square}$ भाग।

दानेश शेख लेन में रास्ते की मरम्मत का काम चल रहा है। पहले दिन रास्ते के $\frac{२}{५}$ भाग में काम हुआ। किन्तु दूसरे दिन मात्र $\frac{१}{५}$ भाग काम हुआ। उन दो दिनों में कुल कितने भाग रास्ते का काम हुआ, देखें। हिसाब करें अभी भी और कितना भाग काम बाकी है।

पहले दिन काम हुआ है $\frac{२}{५}$ भाग और दूसरे दिन काम हुआ है $\frac{१}{५}$ भाग।

दो दिनों में कुल काम हुआ है, $\frac{\square}{\square}$ भाग + $\frac{\square}{\square}$ भाग = $\frac{\square}{\square}$ भाग।

कुल काम = $\square$ भाग।

अतः बाकी है, $\square$ भाग − $\frac{\square}{\square}$ भाग = $\frac{\square}{\square}$ भाग − $\frac{\square}{\square}$ भाग

$= \frac{\square}{\square}$ भाग

## आओ, लगे हाथ करके देखें : बटन लेकर जाँचें

१. $\frac{३}{८} + \frac{२}{८}$

२. $\frac{३}{८} - \frac{२}{८}$

८ बटन लिया →



८ बटनों का $\frac{३}{८}$ भाग →



८ बटनों का $\frac{२}{८}$ भाग →



८ बटनों का $\frac{३}{८}$ भाग + $\frac{२}{८}$ भाग →



→ $\frac{५}{८}$ भाग

पाया, $\frac{३}{८} + \frac{२}{८} = \frac{५}{८}$

दोबारा, ८ बटनों का $\frac{३}{८}$ भाग →



८ बटनों का $\frac{२}{८}$ भाग →



देखा, $\frac{३}{८}$ भाग > $\frac{२}{८}$ भाग

अतः $\frac{३}{८} > \frac{२}{८}$

फिर, ८ बटनों का $\frac{३}{८}$ भाग →



८ बटनों का $\frac{२}{८}$ भाग →



८ बटनों का ($\frac{३}{८}$ भाग − $\frac{२}{८}$ भाग) =



→ $\frac{१}{८}$ भाग

पाया, $\frac{३}{८} - \frac{२}{८} = \frac{१}{८}$

## लगे हाथ करके देखें

समान माप वाले ३ आयताकार कागजों को लेकर उन्हें समान ४ भागों में भाग किया और विभिन्न भागों में रंग भरने के बाद क्या मिला, देखें।



→ $\frac{१}{४}$ भाग

→ $\frac{\square}{\square}$ भाग

→ $\frac{\square}{\square}$ भाग



देख रही हूँ, $\frac{१}{४}$ □ $\frac{२}{४}$ □ $\frac{३}{४}$ [>/< बैठाएं]

मिला, भिन्नों का हर एक ही रख कर अंश बढ़ाने पर भिन्न का मान □

अन्य ३ एक ही माप के आयताकार कागज को लेकर नीचे की तरह भाग करके रंग करें और क्या मिला, देखें।



→ $\frac{१}{२}$

→ $\frac{\square}{\square}$

→ $\frac{\square}{\square}$

**स्वयं करें [>/< बैठाएं]**

(१) $\frac{१}{२}$ □ $\frac{१}{३}$ (२) $\frac{२}{५}$ □ $\frac{२}{६}$

(३) $\frac{१}{१३}$ □ $\frac{१}{१५}$ (४) १ □ $\frac{१}{२}$

(५) $\frac{१}{१५}$ □ १ (६) $\frac{६}{१७}$ □ $\frac{६}{११}$

देख रहा हूँ, $\frac{१}{२}$ □ $\frac{१}{३}$ □ $\frac{१}{४}$ [>/< बैठाएं]



मिला, भिन्नों का अंश एक रखकर हर बढ़ाने पर भिन्न का मान □

**शिक्षण सामर्थ्य :** *भिन्नों का हर एक ही रखकर अंशों को बढ़ाने पर भिन्न का मान बढ़ता है एवं अंश एक ही रखकर हर को बढ़ाने पर भिन्न का मान घटता है की धारणा।*



## *तरबूज भाग करके खाएं*

पिताजी बाजार से तरबूज खरीदकर लाए हैं। माँ ने तरबूज को ८ समान भागों में भाग कर दिया। मैंने तरबूज के ८ भागों का २ भाग खाया, बहन ने ३ भाग खाया और पिताजी ने १ भाग खाया।

*हिसाब करके देखें हमलोगों में किसने कितना भाग खाया ?*



मैंने तरबूज खाया → $\frac{\square}{\square}$ भाग, पिताजी ने खाए → $\frac{\square}{\square}$ भाग। बहन खायी → $\frac{\square}{\square}$ भाग।

तीनों ने कुल मिलाकर खाया → $\frac{\square}{\square}$ भाग + $\frac{\square}{\square}$ भाग + $\frac{\square}{\square}$ भाग

= $\frac{\square}{\square}$ भाग

बहन के खाए तरबूज का भाग □ मेरे खाए तरबूज का भाग। [>/< बैठाएं]

अत: $\frac{३}{८}$ □ $\frac{२}{८}$ [>/< बैठाएं]

पिताजी के खाए तरबूज का भाग □ मेरे खाए तरबूज का भाग। [>/< बैठाएं]

अत: $\frac{१}{८}$ □ $\frac{३}{८}$ [>/< बैठाएं]

बाकी बचा रहा → १ भाग − $\frac{\square}{\square}$ भाग = $\frac{\square}{\square}$ भाग − $\frac{\square}{\square}$ भाग = $\frac{\square}{\square}$ भाग

बाकी माँ ने खाया। अत: माँ ने खाया $\frac{\square}{\square}$ भाग। सबसे अधिक तरबूज खाया □ ।

१.  बक्से में ४ बॉल हैं। आधे काले एवं आधे सफेद रंग के।

अतः □ बॉल काले रंग के। □ बॉल सफेद रंग के।

कुल बॉल का $\frac{□}{□}$ भाग काले रंग का और $\frac{□}{□}$ भाग सफेद रंग का।

२. 

प्लेट में कुल ८ बेर हैं। प्लेट वाले बेरों के $\frac{१}{४}$ भाग में कीड़े लगे हैं। कितने बेर खाए जा सकेंगे, देखें।

८ बेरों को समान ४ भागों में भाग करने पर १ भाग में पाते हैं □ बेर।

$\frac{१}{४}$ भाग बेरों में कीड़े माने □ बेरों में कीड़े।

अतः खाए जा सकेंगे (□ – □) बेर = □ बेर

३. पैकेट में ६ पेन हैं। पैकेट के $\frac{१}{३}$ भाग वाले पेन द्वारा लिखना संभव नहीं है।

अतः लिखा जा सकता है □ पेन द्वारा। (स्वयं करें)

४. १ किलोग्राम आलू का दाम १२ रुपये होने पर, $\frac{१}{२}$ किलोग्राम आलू कितने रुपये में मिलेगा, देखें।

१२ रुपये के समान २ भागों का १ भाग □ रुपये।

अतः $\frac{१}{२}$ किलोग्राम आलू □ रुपये में मिलेगा।

*किन्तु यदि मैं $\frac{१}{४}$ कि.ग्रा. आलू खरीदूं तब कितने रुपये में मिलेगा, देखें।*



१२ रुपये के समान ४ भागों का १ भाग □ रुपये।

अतः $\frac{१}{४}$ किलोग्राम आलू □ रुपये में मिलेगा।

## स्केल से मापें



उमा अपने स्केल द्वारा छोटी-छोटी चीजों को माप रही है।

उमा ने अपने पेन के ढक्कन को मापकर देखा वह १ सेंमी० से थोड़ा अधिक लंबा है।

किन्तु भैया ने कहा उनकी चाय पीने वाली कप ४२ मिलीमीटर ऊँची है।





मिलीमीटर माने क्या ?

स्केल में देख रही हूँ शुरू से ही प्रत्येक सेमी. के बीच [ १० ] समान छोटे-छोटे भाग हैं। इस एक-एक छोटे भाग को क्या बोलूंगी ?

इन एक-एक छोटे भाग को [ मिलीमीटर ] कहा जाता है। इसे छोटा करके [ मिमी. ] भी लिखा जाता है।

**१० मिलीमीटर = १ सेंटीमीटर**

मेरी पेन का ढक्कन १ सेंमी. के बाद और भी २ छोटे घर तक गया है।

इसप्रकार ढक्कन १ सेंमी. २ मिमी. लंबा है।

किन्तु भैया की चायवाली कप ४२ मिलीमी. ऊँची है। उसका मतलब कितना सेंमी. कितना मिलीमी. ऊँचा है, देखें।

४२ मिलीमीटर = ४० मिलीमीटर + २ मिलीमी. = ४ × १० मिलीमी. + २ मिलीमी. = ४ सेंमी. २ मिलीमी.



मेरी स्याही मिटानेवाली रबर [ ] सेंटीमीटर [ ] मिलीमीटर लंबी है।

अब मेरी रबड़ कितनी मिलीमीटर लंबी है हिसाब करें।

[ ] सेंमी. [ ] मिलीमी. = [ ] × [ ] मिलीमीटर + [ ] मिलीमीटर

= [ ] मिलीमीटर + [ ] मिलीमीटर

= [ ] मिलीमीटर

## स्वयं करें

१। ४० मिलीमीटर = कितनी सेंटीमीटर

४० मिलीमीटर = ४ × ☐ मिलीमीटर

= ☐ सेंटीमीटर

२। ७० मिलीमीटर को सेंटीमीटर में बदले।

७० मिलीमीटर = ☐ × ☐ मिलीमीटर

= ☐ सेंटीमीटर

३। ३८ मिलीमीटर को सेंटीमीटर में बदलें।

३८ मिलीमीटर = [३०] मिलीमीटर + ☐ मिलीमीटर = ☐ × ☐ मिलीमीटर + ☐ मिलीमीटर

= ☐ सेंटीमीटर ☐ मिलीमीटर

४। ६९५ मिलीमीटर = ☐ × ☐ मिलीमीटर + ☐ मिलीमीटर

= ☐ मिलीमीटर + ☐ मिलीमीटर

= ☐ मिलीमीटर

```
        ६ ९
    ┌──────────
    │ सै. द. इ.
१०  │ ६  ९  ५
    │−६  ०
    ├──────────
    │    ९  ५
    │  − ९  ०
    ├──────────
    │       ५
```

५। मैं ३६ सेंटीमीटर ७ मिलीमीटर को मिलीमीटर बनाने की चेष्टा करूं।

३६ सेंटीमीटर ७ मिलीमीटर = ३६ × ☐ मिलीमीटर + ☐ मिलीमीटर

= ☐ मिलीमीटर + ☐ मिलीमीटर

= ☐ मिलीमीटर

६। ५४ सेंटीमीटर १ मिलीमीटर = कितना मिलीमीटर ?

५४ सेंटीमीटर १ मिलीमीटर = ☐ × ☐ मिलीमीटर + ☐ मिलीमीटर

= ☐ मिलीमीटर + ☐ मिलीमीटर

= ☐ मिलीमीटर



## स्वयं संख्या बैठाएं

७। ☐ सेंटीमीटर ☐ मिलीमीटर = ☐ × ☐ मिलीमीटर + ☐ मिलीमीटर

= ☐ मिलीमीटर + ☐ मिलीमीटर

= ☐ मिलीमीटर



# पेंसिल लेकर खेलें

आज मैंने और मेरी कक्षा के मित्रों ने मिलकर अपने छोटे-बड़े नाना आकारों और रंगों वाली पेंसिलों को एक पिचबोर्ड के बॉक्स में रखा है।

अब हम अपनी कुछ पेंसिलों को बारी-बारी सजाकर रखें।


मेरी पेंसिल


मीरा की पेंसिल


अयन की पेंसिल


मेरि की पेंसिल

मेरी पेंसिल [ ] की पेंसिल से छोटी पर मेरि की पेंसिल से बड़ी है।
तब मेरी पेंसिल कितनी लंबी है, किस प्रकार मापेंगे देखें।



*स्केल द्वारा पेंसिलें कितनी लंबी हैं, यह मापा जा सकता है। स्केल द्वारा मापने की चेष्टा करें।*




स्केल के ० निशान को पेंसिल के एक किनारे के साथ मिलाने पर देखा कि शेष भाग ६- के साथ जाकर मिल गया।

मेरी पेंसिल [६ सेंटीमीटर] लंबी है।

मैं मीरा की पेंसिल की लंबाई मापूँगा।






मैं देख रहा हूँ मीरा की पेंसिल लगभग [ ] सेंटीमीटर लंबी है।

अयन ने अपनी पेंसिल की लंबाई को मापा।




अयन की पेंसिल लगभग [ ] सेंटीमीटर लंबी है।

मेरि ने भी अपनी पेंसिल की लंबाई को मापा।






मेरि की पेंसिल को देख रहा हूँ कि ४ निशानों के बाद छोटे-छोटे और भी ५ निशानों तक जाकर मिल रही है।

तब यह कितनी लंबी है?




इस माप को [४ सेमी. ५ मिलीमी.] बोल सकते हैं। क्योंकि [सेंटीमीटर] को छोटा करके [ ] और मिलीमीटर को छोटे रूप में मिलीमी./मिमी. लिखा जाता है।

अयन का स्केल टूट गया है। ०– का निशान नहीं है। देखें, उस टूटे स्केल से क्या पेंसिलों को मापा जा सकता है ? मापने की चेष्टा करें।




मैंने अयन की लाल पेंसिल के एक किनारे को उसके स्केल के १–निशान के साथ मिलाकर देख रहा हूं कि दूसरा किनारा ७ के घर के साथ मिल रहा है। अतः लाल पेंसिल (७–१) सेंटीमीटर = ६ सेंटीमीटर लंबी।

*देखा स्केल के ० निशान पर नहीं बैठाकर भी लंबाई मापी जा सकती है।*

*अब उसी स्केल के अन्य निशान से मिलाकर दूसरी पेंसिलों की लंबाई मापने की चेष्टा करें*






इस तरह स्केल के २ वाले निशान के साथ पीली पेंसिल के एक किनारे को मिलाकर देख रहा हूँ कि दूसरा किनारा स्केल के [ ] निशान के साथ मिल रहा है।

पीली पेंसिल की लंबाई पाया, ([ ] – [ ]) सेंटीमीटर = [ ] सेंटीमीटर।

मेरे स्केल में सेंटीमीटर के अलावा मिलीमीटर के भी निशान लगे हैं।

छोटी दूरी मापने में मिलीमीटर का व्यवहार करता हूं

| मेरा समान | लंबाई माप कर पाया |
|---|---|
| मेरी पेंसिल की लंबाई | [ ] सेमी. [ ] मिलीमी. |
| मेरे घर की चाबी की लंबाई | [ ] सेमी. [ ] मिलीमी. |
| मेरी कंघी की लंबाई | [ ] सेमी. [ ] मिलीमी. |
| मेरी पानी की बोतल की लंबाई | [ ] सेमी. [ ] मिलीमी. |
| मेरी गणित की पुस्तक के चार किनारे | लंबाई में [ ] सेमी. [ ] मिलीमी.<br>चौड़ाई में [ ] सेमी. [ ] मिलीमी. |

**शिक्षण सामर्थ्य :** *स्केल की सहायता से लंबाई मापने की धारणा।*

## *बेंच की लंबाई मापें*



मेरे स्कूल का बेंच कितना लंबा है- इसे मापेंगे।
लेकिन इतना बड़ा स्केल कहाँ पाएंगे ?

मेरे पास १५ सेंटीमीटर लंबी एक स्केल है। मैंने एक रस्सी द्वारा मेरे बेंच की लंबाई को मापा है।
बेंच की मापवाली रस्सी को स्केल पर रखकर देखा १० बार रखना पड़ा।

मेरे स्केल की लंबाई १५ सेंटीमीटर है। इसप्रकार इस बेंच की लंबाई १० × १५ सेंटीमीटर = [ ] सेंटीमीटर।



*किन्तु बड़ी दूरी या लंबाई को मापने के लिए हमेशा क्या रस्सी द्वारा माप लेकर स्केल से उसका माप जानेंगे ? जल्दी से नापने के लिए कोई बड़ा स्केल है कि नहीं देखें।*

मेरी माँ के पास एक फीता है। माँ उस फीते के द्वारा माप लेकर मेरा कपड़ा तैयार करती हैं। मैं भी उसी फीते द्वारा इस बेंच को मापकर देखूँ क्या पाता हूँ।

मापकर देखा। बेंच [१५०] सेंटीमीटर लंबा है।

अब फीता रखकर मेरी कमीज कितनी लंबी है उसका माप लिया। देखा मेरी कमीज [ ] सेंटीमीटर लंबी है।

मैं एक चूड़ीदार बनवाऊँगी। दूकानदार ने कहा २ मीटर कपड़ा लगेगा।



*किन्तु मीटर क्या है ? फीता रखकर किस प्रकार पाऊँगी ?*

१०० सेंटीमीटर लंबाई को १ मीटर कहते हैं। छोटा करके १ मी. लिखा जाता है।

**१ मीटर = १०० सेंटीमीटर**

२ मीटर = २ × १०० सेंटीमीटर

| १ मीटर > १ सेंटीमीटर |
|---|



## *लंबाई कितनी मापें*

अब फीता से मैं कितना लंबा हूँ उसे

मेरी बहन ने मापा।

फीता द्वारा बहन ने देखा मेरी ऊँचाई | ११६ सेंटीमीटर |

११६ सेंटीमीटर को मीटर और सेंटीमीटर में बदलने का प्रयास करें।

११६ सेंटीमीटर = १०० सेंटीमीटर + १६ सेंटीमीटर

= १ मीटर १६ सेंटीमीटर

**१ मीटर = १०० सेंटीमीटर**

छोटी-छोटी लंबाई ______ से मापा और बड़ी लंबाई को ______ से मापा।



अब मैं जिन सामानों को स्केल द्वारा नापने में आसानी होगी और वैसे कुछ सामानों को एक घर में और जिन्हें फीता से नापने में सुविधा होगी वैसी कई चीजों को दूसरे घर में चित्रित करता और लिखता हूं-

| स्केल से मापे गये सामान | फीता से मापे गये सामान |
|---|---|
| | |

अब फीता द्वारा नीचे दिए गये सामानों को मापने की चेष्टा करें।

१। मेरी खेलने वाली बैट की लंबाई → ______ सेंटीमीटर

२। मेरी कमीज की लंबाई → ______ सेंटीमीटर

३। मेरी कक्षा की बैठने वाली बेंच → ______ सेंटीमीटर

४। ब्लैकबोर्ड का चारों किनारा → ______ सेंटीमीटर चौड़ा, ______ सेंटीमीटर लंबा।

५। कक्षा के फर्श के एक किनारे की लंबाई → ______ सेंटीमीटर या ______ मीटर ______ सेंटीमीटर।



## जल्दी स्कूल को जाएं

मोहित, मिजानूर, लाली और नादिरा स्कूल जा रहे हैं। लाली और नादिरा दक्षिण दिनाजपुर के तेंतुलतला गाँव के राममोहन प्राथमिक विद्यालय में पढ़ती हैं। मोहित और मिजानूर उनके भैया हैं। वे उसी गाँव के महम्मदपुर आदर्श विद्यालय में पढ़ते हैं। वे चारो एक साथ स्कूल जाते है।



*हमलोग तुरंत स्कूल पहुँच जाते हैं। लेकिन भैया लोगों को स्कूल जाने में अधिक समय क्यों लगता है? उनका स्कूल क्या घर से अधिक दूर है?*

*हमारे घर से तुमलोगों का स्कूल १ किलोमीटर है, लेकिन हमारा स्कूल २ किलोमीटर दूर है।*





*किलोमीटर क्या है?*

किलोमीटर से अधिक लंबी दूरी मापी जाती है। छोटे रूप में किलोमीटर को किमी. लिखा जाता है।

**१ किलोमीटर = १००० मीटर**

इसप्रकार २ किलोमीटर = २ × १००० मीटर = ☐ मीटर

हमारे गाँव की नदी हमारे घर से ३ किलोमीटर ४०० मीटर दूर है,

३ किमी. ४०० मीटर को मीटर में बदलने की चेष्टा करें–

३ किमी. ४०० मीटर = ३ × ☐ मीटर + ४०० मीटर

= ☐ मीटर + ४०० मीटर = ३४०० मीटर

| खाली घरों में *सेंटीमीटर* अथवा *मीटर* या *किलोमीटर* बैठाएं | |
|---|---|
| मेरे चम्मच की लंबाई | १५ ☐ |
| मेरे बिछावन की लंबाई | २ ☐ |
| मेरे चॉक की लंबाई | ७ ☐ |
| हमारे घर से स्टेशन की दूरी | १२ ☐ |
| हमारी कक्षा के दरवाजे की लंबाई | २ ☐ |



## बरामदे की लम्बाई मापें

मैं और मेरे भैया फीते द्वारा अपने घर का बरामदा माप रहे हैं।

फीते से मापकर देखा बरामदा लंबाई में ४३५ सेंटीमीटर है।

४३५ सेंटीमीटर माने कितना मीटर कितना सेंटीमीटर, देखें।

४३५ सेंटीमीटर = (४ × १०० + ३५) सेंटीमीटर = ४०० सेंमी. + ३५ सेंमी. = ४ मीटर ३५ सेंमी.

लेकिन बरामदे के दूसरे किनारे की लंबाई ३ मीटर २८ सेंटीमीटर है।

**१०० सेंटीमीटर = १ मीटर**

३ मीटर २८ सेंटीमीटर = ३ × [ ] सेंमी. + २८ सेंमी. = ३०० सेंमी. + २८ सेंमी. = ३२८ सेंमी.

घर के दरवाजे को फीते से माप कर देखा दरवाजा १८४ सेंटीमीटर ऊँचा है।

अत: [ ] सेंटीमीटर = (१०० + ८४) सेंटीमीटर = १०० सेंमी. + ८४ सेंमी. = १ मी. ८४ सेंमी.

खिड़की की लंबाई १ मीटर २० सेंमी. = [ ] × [ ] सेंमी. + २० सेंमी.

= [ ] सेंमी. + २० सेंमी. = १२० सेंमी.

### स्वयं करें

१। ३२५ सेंटीमीटर [३००] सेंमी. + [२५] सेंमी. = [३] × [१००] सेंमी. + [ ] सेंमी.

= [३] × [१] मीटर + [ ] सेंमी. = [३] मीटर [ ] सेंमी.

२। २ मीटर ८८ सेंटीमीटर = [ ] × [१००] सेंमी. + [ ] सेंमी.

= [ ] सेंमी. + ८८ सेंमी. = [ ] सेंमी.

३। ७ मीटर २० सेंटीमीटर = [ ] × [ ] सेंमी. + [ ] सेंमी.

= [ ] सेंमी. + [ ] सेंमी. = [ ] सेंमी.

४। ४४४ सेंटीमीटर = [ ] मीटर [ ] सेंटीमीटर

= [ ] सेंमी. + [ ] सेंमी. = [ ] मीटर [ ] सेंमी.



## *पुराने बरगद के पेड़ को देखने चलें*

रोशनआरा, करीम, रीना और मलय ने तय किया है कि वे आचार्य जगदीश चन्द्र बोस भारतीय बोटानिकल गार्डेन घूमने जाएंगे। वे रविवार की दोपहर को गार्डेन जाएंगे। सबसे पहले २५० वर्ष पुराने बरगद के पेड़ को देखेंगे।

*गार्डेन के अंदर जाने के कई प्रवेश द्वार हैं। किस गेट से प्रवेश करने पर हमें कम पैदल चलना होगा।*

पता चला कि करीम के घर के सामने वाले प्रवेश द्वार से अंदर जाने पर प्रायः २ किलोमीटर पैदल चलना होगा।

मलय के घर के सामने वाले प्रवेश द्वार से ढुकने पर प्रायः १ किलोमीटर पैदल चलना होगा।

और रीना के घर के सामने वाला जो मुख्य द्वार है, वहाँ से ढुकने पर उन्हें प्रायः $\frac{१}{२}$ किलोमीटर ही चलना होगा।



*मेरे घर से २ किलोमीटर लगेगा। २ किलोमीटर माने कितना मीटर देखें?*

**१ किलोमीटर = १००० मीटर**

२ किलोमीटर = २ × ____ मीटर = ____ मीटर

$\frac{१}{२}$ किलोमीटर माने १ किलोमीटर के समान दो भागों का एक भाग। अतः $\frac{१}{२}$ किलोमीटर माने १००० मीटर के समान दो भागों का एक भाग, अथार्त् $\frac{१}{२}$ किलोमीटर = १००० ÷ २ मीटर = ____ मीटर।



अब समझ गयी रीना के घर के सामने वाले मुख्य द्वार से गार्डेन में ढुकेंगे।

हमलोग उद्यान वाले बरगद वृक्ष को देखने के बाद प्रायः २३२८ मीटर चले हैं।

हिसाब करके देखें हमलोग कितना किलोमीटर और कितना मीटर घूमे हैं।

२३२८ मीटर = २ × १००० मीटर + ३२८ मीटर = २ किलोमीटर ३२८ मीटर

### स्वयं बनाएं

१। ३००० मीटर = ३ × १००० मीटर = ____ किलोमीटर

२। ४३५५ मीटर = ____ × १००० मीटर + ३५५ मीटर = ____ किलोमीटर ____ मीटर

३। ९९९९ मीटर = ____ × ____ मीटर + ____ मीटर = ____ किलोमीटर ____ मीटर

**शिक्षण सामर्थ्य :** *किलोमीटर और मीटर के संबंध में धारणा।*



## परदे में कितना लेस लगेगा देखें

मेरी माँ ने निश्चित किया है कि घर वाले परदे के नीचे लाल रंग वाला लेस एवं बरामदे वाले परदे के नीचे हरे रंग का लेस लगाएंगी। अत: माँ ने हमें दुकान से लेस खरीद कर लाने को कहा।



*लेकिन मैं कितना लेस खरीद कर ले आऊँगी? माँ की सिलाई वाले फीते से पर्दा कितना चौड़ा है, उसे माप कर देखें।*

देखा, घर का एक परदा १ मीटर २७ सेंटीमीटर और दूसरा परदा १ मीटर १८ सेंटीमीटर चौड़ा है।

अत: दोनों परदों के लिए १ मीटर २७ सेंटीमीटर

१ मीटर १८ सेंटीमीटर

[२] मीटर [४५] सेंटीमीटर लंबा लाल लेस लगेगा।

घर में १ मीटर ८० सेंटीमीटर लाल लेस है।

अत:

(१) (१००)

~~२~~ मीटर ४५ सेंटीमीटर

– १ मीटर ८० सेंटीमीटर

[०] मीटर [६५] सेंटीमीटर   अथार्त् ६५ सेंटीमीटर लंबे लाल लेस की जरूरत है।

**१मीटर = १०० सेंटीमीटर**

बरामदे वाले एक परदे के लिए २ मीटर १६ सेंटीमीटर और दूसरे परदे के लिए ३ मीटर ९८ सेंटीमीटर लंबे हरे लेस की जरूरत है। अत:

२ मीटर १६ सेंटीमीटर

\+ ३ मीटर ९८ सेंटीमीटर

५ मीटर ११४ सेंटीमीटर = ५ मीटर (१०० + १४) सेंटीमीटर

= (५ + १) मीटर १४ सेंटीमीटर

= ६ मीटर १४ सेंटीमीटर लंबी हरे लेस की जरूरत है।

**१०० सेंटीमीटर = १ मीटर**

घर में हरा लेस नहीं है। अत: ६ मीटर १४ सेंटीमीटर लंबा हरा लेस खरीदना होगा।



१। जरीना के पास लंबा लाल फीता है। उसमें से उसने १ मीटर २० सेंटीमीटर लंबे दो टुकड़े काट लिए।

हिसाब करके देखें जरीना ने कुल कितना लंबा फीता काटा।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| पहले टुकड़े की लंबाई | | मीटर | | सेंटीमीटर |
| दूसरे टुकड़े की लंबाई | | मीटर | | सेंटीमीटर |
| दोनों टुकड़ों की कुल लंबाई | | मीटर | | सेंटीमीटर |

२। आलोक ने २ मीटर २१ सेंटीमीटर लंबे लाल फीते और ३ मीटर ५२ सेंटीमीटर लंबे पीले फीते से ढेर सारे बैच तैयार किए हैं।

उसने कुल कितने मीटर, कितने सेंटीमीटर लंबे फीते द्वारा बैच बनाए हैं, हिसाब करें।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| लाल फीता | | मीटर | | सेंटीमीटर |
| पीला फीता | | मीटर | | सेंटीमीटर |
| कुल फीते की लंबाई | | मीटर | | सेंटीमीटर |

३। पिताजी बाजार से ३ मीटर ७० सेंटीमीटर लंबा काला कपड़ा और २ मीटर ८० सेंटीमीटर लंबा सादा कपड़ा खरीदकर लाये हैं।

पिताजी कुल कितना मीटर कितना सेंटीमीटर कपड़ा खरीद कर लाये हैं, देखें।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| काला कपड़ा खरीदे | | मीटर | | सेंटीमीटर लंबा |
| सादा कपड़ा खरीदे | | मीटर | | सेंटीमीटर लंबा |
| पिताजी ने कुल कपड़ा खरीदा | | मीटर | | सेंटीमीटर लंबा |

४। पर्दा बनाने के लिए दादाजी ने पहले दिन ८ मीटर ५० सेंटीमीटर लंबा कपड़ा खरीदा। किन्तु कपड़ा कम पड़ जाने के कारण और भी १० मीटर ६० सेंमी लंबा कपड़ा खरीदे।

दादाजी ने कुल कितना मीटर लंबा कपड़ा खरीदा हिसाब करें (स्वयं लिखकर बनाएं)

५। पिताजी की चाय पीने वाली कप ३ सेंमी. ४ मिलीमी. ऊँची है। किन्तु मेरी दूध पीने वाली कप पिताजी के कप से २ सेंमी. अधिक ऊँची है। मेरी दूध पीने वाली कप कितनी ऊँची है, हिसाब करें।

पिताजी की चाय वाली कप [ ३ ] सेंमी. [ ४ ] मिलीमी. ऊँची

मेरी दूध पीने वाली कप + [ २ ] सेंमी. [ ८ ] मिलीमी. ऊँची

५ सेंमी. १२ मिलीमी. = ५ सेंमी. (१० +२) मिमी.

= [ ५+१ ] सेंमी. [ २ ] मिमी.= ६ सेंमी. २ मिमी.

अत: मेरी दूध पीने वाली कप [ ] सेंटीमी. [ ] मिलीमी. ऊँची है।

६। बूआजी के घर जाने में मैं १० किमी. ३०० मीटर बस से और २ किमी. ८३० मीटर रास्ता रिक्सा से गया। मैंने बस और रिक्सा मिलाकर कुल कितना किमी. और कितना मीटर रास्ता तय किया, हिसाब करें।

मैं बस द्वारा गया [ ] किमी. [ ] मीटर

रिक्सा द्वारा गया [ ] किमी. [ ] मीटर

कुल रास्ता गया [ ] किमी. [ ११३० ] मीटर = [ ] किमी. [ १००० + १३० ] मीटर

= [ १४ + १ ] किमी. [ १३० ] मीटर = १५ किमी. १३० मीटर

## जोड़ें

| १। सेंमी. | मिलीमी. | २। मीटर | सेंमी. | ३। किमी. | मीटर | ४। किमी. | मीटर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १२ | ९ | १५ | ८६ | ८ | ७१८ | ७ | १०१ |
| + ८ | ५ | + २३६ | ५९ | + ९ | १०९ | + ९ | १९९ |
| + ४ | ८ | + १०८ | १५ | + ६ | ८५३ | + ८ | ७०० |

## सवाल गढ़ें और बनाकर देखें

१। ८ सेंटीमीटर ६ मिलीमीटर + ५ सेंटीमीटर ९ मिलीमीटर

२। ४ मीटर ९६ सेंटीमीटर + ३ मीटर ६ सेंटीमीटर

३। २ किलोमीटर ६७८ मीटर + ७ किलोमीटर ७२५ मीटर

**शिक्षण सामर्थ्य :** *वास्तविक समस्या के माध्यम से मीटर और सेंटीमीटर, सेंटीमीटर और मिलीमीटर, किलोमीटर के जोड़ की धारणा।*



## *बोतल का जलस्तर मापें*

आज मैं और अजीज समान माप की बोतलों में पीने का पानी पूरा भरकर स्कूल ले आए हैं।

टिफ़िन के समय देखा बोतलों का जलस्तर कुछ नीचे उतर गया है।



*स्केल से मापकर देखें किसका पानी अधिक नीचे उतरा है।*

मैंने बड़े स्केल से मापकर देखा मेरे बोतल के जलस्तर की ऊँचाई १६ सेंटीमी. ६ मिलीमी. है। लेकिन अजीज के बोतल के जलस्तर की ऊँचाई १० सेंमी. ८ मिलीमी. है।

किसका जलस्तर कितना अधिक ऊँचा है, देखें–

| | |
|---|---|
| (१५) | (१० + |
| ~~१६~~ सेंमी. | ६) मिमी. |
| १० सेंमी. | ८ मिमी. |
| ☐ सेंमी. | ☐ मिमी. |

अत: मेरे बोतल के जलस्तर की ऊँचाई अजीज के बोतल के जलस्तर की ऊँचाई से ☐ (अधिक/कम) है। मैंने अजीज से ☐ (अधिक / कम) पानी पिया है।

स्कूल की छुट्टी के बाद मैं और अजीज एक साथ घर जायेंगे। हमारा घर एक ही रास्ते के ऊपर है। अजीज का घर मेरे घर से लगभग १ किमी. २८० मीटर दूर है। किन्तु अजीज का घर स्कूल से लगभग २ किमी. १२० मीटर दूर है।

*मेरा घर स्कूल से कितना दूर है, हिसाब करें*



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | (१) | | (१००० + | |
| अजीज का घर | ~~२~~ | किमी. | १२०) | मीटर दूर है। |
| मेरा घर + | ☐ | किमी. | २८० | मीटर दूर है। |
| | ☐ | किमी. | ☐ | मीटर दूर है। |

मेरा घर स्कूल से ☐ किमी. ☐ मीटर दूर है।




## एक साथ स्कूल चलें

देबू और मीठू दोनों एक साथ स्कूल जाते हैं। उनके घर से स्कूल की दूरी २ किमी. ३०० मीटर है। वे १ किलोमीटर १०० मीटर रास्ता पैदल चलकर स्कूल की ओर बढ़ गए हैं और कितना रास्ता तय करने पर वे स्कूल पहुँचेंगे, हिसाब करें।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| घर से स्कूल की दूरी | ☐ | किलोमीटर | ☐ | मीटर |
| वे दूरी तय कर चूके हैं | ☐ | किलोमीटर | ☐ | मीटर |
| बाकी | ☐ | किलोमीटर | ☐ | मीटर रास्ता तय करने के बाद स्कूल पहुँचेंगे। |

१। चीकू के पास ५ मीटर लंबा एक हरा फीता है। उसमें से उसके द्वारा २ मीटर ३० सेंमी. लंबा एक टुकड़ा काट लेने पर कितना लंबा हरा फीता उसके पास बचा रह जाएगा हिसाब करें।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| चीकू के फीते की लंबाई थी | ५ | मीटर | ☐ | सेंमी. |
| काटे गए टुकड़े की लंबाई | २ | मीटर | ३० | सेंमी. |
| | ☐ | मीटर | ☐ | सेंमी. लंबा हरा फीता बचा रहेगा। |

२। हमारे घर के मुख्य प्रवेश द्वार को खोलने की चाबी ३ सेंटीमीटर ७ मिमी. लंबी है। किन्तु मेरी पुस्तक रखने वाली अलमारी की चाबी १ सेंटीमीटर ८ मिमी. लंबी है। देखें 'मुख्य प्रवेश द्वार' खोलने की चाबी अलमारी की चाबी से कितनी अधिक लंबी है।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| मुख्य प्रवेश द्वार खोलने की चाबी | ☐ | सेंटीमीटर | ☐ | मिलीमीटर लंबा है। |
| किताबों की अलमारी की चाबी | ☐ | सेंटीमीटर | ☐ | मिलीमीटर लंबा है। |
| मुख्य प्रवेश द्वार खोलने की चाबी | ☐ | सेंटीमीटर | ☐ | मिलीमीटर अधिक लंबी है। |

३। मेरी ऊँचाई १ मीटर २१ सेंटीमीटर और बहन की ऊँचाई ९१ सेंटीमीटर। मैं बहन से कितना अधिक लंबा हूँ?

| | | |
|---|---|---|
| मेरी लंबाई | १ मीटर | २१ सेंटीमीटर |
| बहन की लंबाई − | | ९१ सेंटीमीटर |
| मैं बहन से | | ☐ सेंटीमीटर अधिक लंबा हूँ। |

स्वयं बनाएं

(क)

| | |
|---|---|
| ८ किमी. | ६०० मी. |
| − ४ किमी. | १०० मी. |
| ☐ किमी. | ☐ मी. |

(ख)

| | |
|---|---|
| ३० सेंमी. | ८ मिमी. |
| − ११ सेंमी. | २ मिमी. |
| ☐ सेंमी. | ☐ मिमी. |

(ग)

| | |
|---|---|
| १३ मी. | ८ सेंमी. |
| − ९ मी. | ११ सेंमी. |
| ☐ मी. | ☐ सेंमी. |

(घ)

| | |
|---|---|
| ९ सेंमी. | |
| − ६ सेंमी. | ९ मिमी. |
| ☐ सेंमी. | ☐ मिमी. |

सवाल गढ़ें और हल करें

१। (५ सेंटीमीटर ३ मिलीमीटर) - (२ सेंटीमीटर ८ मिलीमीटर)

२। (६ मीटर १५ सेंटीमीटर) - (४ मीटर ६० सेंटीमीटर)

३। (३ किलोमीटर २२८ मीटर) - (१ किलोमीटर - ७२३ मीटर)

**शिक्षण सामर्थ्य :** *वास्तविक समस्या के माध्यम से सेंमी.और मिमी., मी. और मिमी., किमी. और मी. के घटाव की धारणा।*

# कौन अधिक भारी देखें

मणिदीपा का घर पुरुलिया जिले के चटर्जीहाट में है। उसके घर के सामने सब्जियों का बाजार है।

आज मैं और मेरा भाई दोनो मिलकर १ किलोग्राम आलू और ५०० ग्राम टमाटर खरीदेंगे।



दुकान में जाकर १ किलोग्राम आलू और ५०० ग्राम टमाटर देने को कहा।

१ किलोग्राम कहने से कितना आलू और ५०० ग्राम माने ही, कितना टमाटर देखें ?



देखा दुकानदार ने कई लोहे वाले सामानों के द्वारा आलू और टमाटर को तौल दिया।

किन्तु 

— इन्हें क्या कहा जाता है ?

*इन्हें* बटखरा *कहा जाता है। बाजार में इनसे सामान कितना भारी है तौलकर उसे देखा जाता है अर्थात वजन मापा जाता है।*

देखा आलू वजन करते समय दुकानदार ने १ किग्रा. लिखे बड़े बटखरे को लेकर वजन किया। और टमाटर वजन करते समय ५०० ग्राम लिखे एक अन्य बटखरे को लेकर वजन किया।

आलू और टमाटरों को हाथों में लेकर देखा १ किग्रा. आलू, ५०० ग्राम टमाटर से अधिक ______ है। (भारी / हलका)

देखा अधिक भारी चीजों को मापने के लिए किलोग्राम और कम भारी सामानों कों मापने के लिए ग्राम व्यवहार किया जाता है।

शाम को पिताजी के साथ तरबूज खरीदने रहीम चाचा के दुकान पर गयी। रहीम चाचा ने तरबूज को तराजू के एक पलड़े पर रखकर दूसरे पलड़े पर  के बटखरों को रखा।

पिताजी को कहा इस तरबूज का वजन २ किलोग्राम।

समझ गयी–

**१ किलोग्राम = १००० ग्राम**

किलोग्राम को संक्षेप में किग्रा. लिखा जाता है।



| | |
|---|---|
| ५ ० ० | ग्राम |
| + ५ ० ० | ग्राम |
| ______ | ग्राम |

## स्वयं सामानों का वजन करें और कौन-कौन सा बटखरा लगेगा, देखें



मैं क्या-क्या बाजार से खरीदूंगा उसे नीचे लिखा।

 → २०० ग्राम  → २५० ग्राम  → ३०० ग्राम

**भिंडी** → २०० ग्राम

[ ] [ ] [ ] [ ] [४ बटखरों द्वारा]

[ ] [ ] [ ] [३बटखरों द्वारा]

[ ] [ ] [२ बटखरों द्वारा]

**गाजर** → [ ]

[ ] [ ] [ ] [ ] [ ] [५ बटखरों द्वारा]

[ ] [ ] [ ] [ ] [४ बटखरों द्वारा]

[ ] [ ] [ ] [३ बटखरों द्वारा]

**बैगन** → [ ]

[ ] [ ] [ ] [ ] [४ बटखरों द्वारा]

[ ] [ ] [ ] [३ बटखरों द्वारा]

[ ] [ ] [२ बटखरों द्वारा]

मैं कुल कितने ग्राम वजन की चीजें खरीदूंगा, देखें —

| | | सै. द. इ. | |
|---|---|---|---|
| भिंडी का वजन → | | | ग्राम |
| गाजर का वजन → | + | | ग्राम |
| बैगन का वजन → | + | | ग्राम |
| **कुल वजन** → | | | ग्राम |

और कितने वजन का सामान खरीदने पर मेरे सामानों का कुल वजन १ किग्रा. होगा, हिसाब करें।

| ह. सै. द. इ. | |
|---|---|
| १ ० ० ० | ग्राम |
| | ग्राम |
| | ग्राम |

पृथा ने २५० ग्राम प्याज, ५० ग्राम लहसुन और ६०० ग्राम मूंग की दाल को खरीदा। पृथा ने कुल कितने वजन का सामान खरीदा, देखें। यदि पृथा १५० ग्राम वजन का बिन खरीदती तो कुल वजन क्या १ किग्रा. से अधिक होता या कम होता, हिसाब करके देखें।

| | सै. द. इ. | |
|---|---|---|
| प्याज का वजन → | | ग्राम |
| लहसुन का वजन → | | ग्राम |
| मूंग की दाल का वजन → | | ग्राम |
| **कुल वजन** → | | ग्राम |

| | सै. द. इ. | |
|---|---|---|
| फिर कुल वजन | | ग्राम |
| बिन का वजन | | ग्राम |
| | | ग्राम |

अतएव, पृथा के द्वारा खरीदे सामानों का कुल वजन १ किग्रा. से ______ है। [कम / अधिक] स्वयं लिखें।



## मजेदार खेल

रूपसा और मोहित आज एक मजेदार खेल खेलेंगे। मोहित कुछ सामानों का वजन करके ग्राम में बोलेगा। रूपसा वह ग्राम वाला वजन कितना किलोग्राम है, उसे बोलेगी।

हमारे बागान वाले कुम्हड़े का वजन ४००० ग्राम है।





४००० ग्राम कितना किलोग्राम देखें

४००० ग्राम = ४ × [१०००] ग्राम = ४ किग्रा०

१ किलोग्राम = ☐ ग्राम



हमारे बागान वाले कटहल का वजन ७२७२ ग्राम

७२७२ ग्राम = (७ × ☐ + २७२) ग्राम = ७ किग्रा० २७२ ग्राम



टोकरी समेत आमों का वजन २५३८ ग्राम

२५३८ ग्राम = (☐ × ☐ + [५३८]) ग्राम = ☐ किग्रा. ☐ ग्राम

मोहित बाजार से एक लौकी ले आया है। उसका वजन ३ केजी २३५ ग्राम है। अब ३ केजी २३५ ग्राम = कितना ग्राम हिसाब करें।

१ केजी = ☐ ग्राम

३ केजी २३५ ग्राम = ३ × ☐ ग्राम + २३५ ग्राम = ३००० ग्राम + २३५ ग्राम = ३२३५ ग्राम।

### स्वयं करें

१। ५२२१ ग्राम = (☐ × ☐ + ☐) ग्राम = ☐ किग्रा. ☐ ग्राम

२। २००१ ग्राम = (☐ × ☐ + ☐) ग्राम = ☐ किग्रा. ☐ ग्राम

३। ३०१२ ग्राम = (☐ × ☐ + ☐) ग्राम = ☐ किग्रा. ☐ ग्राम

४। १ किग्रा. ७ ग्राम = १ × ☐ ग्राम + ☐ ग्राम = ☐ ग्राम + ☐ ग्राम = ☐ ग्राम

५। ४ किग्रा. २३ ग्राम = ☐ × ☐ ग्राम + ☐ ग्राम = ☐ ग्राम + ☐ ग्राम = ☐ ग्राम



१। मेरी दादी बाजार से तरबूज लायी हैं। एक तरबूज का वजन ४ किग्रा. ६०० ग्राम है। दूसरे का वजन ३ किग्रा. २०० ग्राम है। दादी मोट कितने वजन का तरबूज लायी हैं, हिसाब करें।

| | किग्रा. | ग्राम |
|---|---|---|
| पहले तरबूज का वजन | ४ | ६०० |
| दूसरे तरबूज का वजन | + ३ | २०० |
| | | |

दादी कुल ____ किग्रा. ____ ग्राम वजन के तरबूज लायी हैं।

२। मेरा वजन २२ किग्रा. ५०० ग्राम। लेकिन भैया का वजन ३२ किग्रा. २०० ग्राम। भैया का वजन मेरे वजन से कितना अधिक है, देखें।

१ किलोग्राम ____ ग्राम

| | किग्रा. | ग्राम |
|---|---|---|
| | ३१ | १००० + २०० |
| भैया का वजन | ~~३२~~ | |
| मेरा वजन– | २२ | ५०० |
| भैया का वजन मुझसे | ९ | ७०० |

अथार्त् ९ किग्रा. ७०० ग्राम अधिक है।

३। तिथि बाजार से १ किग्रा. ७०० ग्राम बेर खरीदकर लायी है। उसने उन बेरों को एक टोकरी में ढाल कर रखा। अब टोकरी समेत बेरों का वजन २ किग्रा. ४०० ग्राम हो जाने पर टोकरी का वजन कितना, देखें।

| | किग्रा. | ग्राम |
|---|---|---|
| बेर समेत टोकरी का वजन | | |
| केवल बेरों का वजन – | | |
| | | |

इसप्रकार केवल टोकरी का वजन ____ ग्राम

४। सुबल ने अपने बागान से ४ किग्रा. ६०० ग्राम का एक बड़ा कुम्हड़ा तोड़ा है। उसने उस बड़े कुम्हड़े का ८०० ग्राम राबेया को, १ किग्रा. २५० ग्राम मुझे और ६५० ग्राम सुजन को दिया। अब कितने वजन का कुम्हड़ा सुबल के पास बचा रह गया, हिसाब करें।

५। मैं और भैया एक साथ दुकान गए। अपने थैले में २ किग्रा. आलू, ६५० ग्राम पटल, २५० ग्राम लहसुन और ३०० ग्राम झिंगा खरीदकर मैंने रखा। भैया के थैले में १ किग्रा. चीनी, १ किग्रा. २५० ग्राम मसूर दाल और १ किग्रा. आटा है। किसका बैग बेशी भारी है, हिसाब करें।

६। आज सुबह पिताजी बाजार से २ किग्रा. ५०० ग्राम आलू, १ किग्रा. चना दाल, १ किग्रा. ५०० ग्राम आटा लाये हैं। खाना बन जाने के बाद देखा ७५० ग्राम आलू, २०० ग्राम चना दाल और ५०० ग्राम आटा बचा है। माँ ने खाना बनाने में कुल कितने वजन का सामान काम में लगाया हिसाब करके देखें।

७। आज सुबह मैंने जार में सरसों का तेल लाया। तेल से भरे जार का वजन ४ किग्रा. ६०० ग्राम है। दो दिनों के बाद उस तेल वाले जार का वजन ____ किग्रा. ____ ग्राम। हम ____ किग्रा ____ ग्राम तेल खा गए।

## स्वयं करें

(१)

| किग्रा. | ग्राम |
|---|---|
| ८ | २७३ |
| + ५ | १८० |
| ____ | ____ |

= ____ किग्रा. ____ ग्राम

(२)

| किग्रा. | ग्राम |
|---|---|
| ९ | ८७२ |
| + ५ | २०४ |
| ____ | ____ |

= ____ किग्रा. ____ ग्राम

(३)

| किग्रा. | ग्राम |
|---|---|
| २० | ७ |
| + ११ | ३२५ |
| ____ | ____ |

= ____ किग्रा. ____ ग्राम

(४)

| किग्रा. | ग्राम |
|---|---|
| ७९ | १०० |
| − ७१ | ९७५ |
| ____ | ____ |

= ____ किग्रा. ____ ग्राम

(५)

| किग्रा. | ग्राम |
|---|---|
| २८ | ३५६ |
| − १२ | ३६५ |
| ____ | ____ |

= ____ किग्रा. ____ ग्राम

(६)

| किग्रा. | ग्राम |
|---|---|
| १ | ००० |
| − | ८२५ |
| ____ | ____ |

= ____ किग्रा. ____ ग्राम

## सवाल गढ़ें और बनाकर देखें



१। १ किग्रा. ४५० ग्राम + ३५० ग्राम

२। ४ किग्रा. ५०० ग्राम − २ किग्रा. ३७५ ग्राम

३। २ किग्रा. ८०० ग्राम + ३ किग्रा. ६७० ग्राम

४। ८५० ग्राम + ७५० ग्राम + ६७५ ग्राम

५। ३ किग्रा. ३०० ग्राम − ९०० ग्राम

**शिक्षण सामर्थ्य :** *वास्तविक समस्याओं के माध्यम से किग्रा. और ग्राम के जोड़ एवं घटाव की धारणा।*

# कटोरी में दूध ढालें



प्रतिदिन सुबह घर में दूध वाला पैकट दे जाता है। माँ उस दूध को कटोरी में ढालकर गरम करती हैं।

आज मैंने सोचा है, मैं कटोरी में दूध डालूंगा। परन्तु उस कटोरी को खोज कर नहीं पाया। अत: दूसरी कटोरी में दूध ढालने की चेष्टा करें।

*इस (कटोरी) में पूरा दूध नहीं ढाल सकी ऐसा क्यों हुआ?*

पैकेट में १ लीटर दूध है। लेकिन इस (कटोरी) में १ लीटर से कम दूध धरता है। इस प्रकार बड़ी कटोरी (कटोरी) में दूध ढालना होगा



मेरा भाई १ लीटर पानी वाले बोतल के पानी को एक माप वाले ग्लासों में ढालने लगा।





मैं १ लीटर पानी को ४ समान ग्लासों में ढाल सका हूं।
तब प्रत्येक ग्लास कितने आयतन में जल धारण करता है, देखें?

प्रति ग्लास में ( १००० ÷ ४ ) मिलीलीटर = २५० मिलीलीटर जल धारण करता है।

> १ लीटर = १००० मिलीलीटर
> लीटर को संक्षेप में ली. तथा मिलीलीटर को संक्षेप में मिली. कहते है।

मैंने १ (ग्लास) -के पानी को इस (कटोरी) में ढाल कर देखा कटोरी ने पूरा पानी धारण कर लिया।

इसप्रकार १ मिलीलीटर, १ लीटर से ______ है। (कम / अधिक)




५०० मिली.   २५० मिली.   १०० मिली.   २०० मिली.

हमारे पास यह चार तरह का जल मापने का पात्र है। उस चार प्रकारों के जल मापन पात्रों द्वारा मग में जल भरने का प्रयास करें।





## *कटोरी में कितना पानी धरता है देखें*

सुतपा पानी गरम करेगी। इसलिए ४ ग्लास पूरा भरा हुआ पानी उसने कटोरी में डाला। प्रत्येक ग्लास के ३०० मिलीलीटर पानी धारण करने पर सुतपा ने कितना मिलीलीटर पानी कटोरी में डाला है, हिसाब करें।

१ ग्लास धारण करता है ३०० मिलीलीटर पानी

४ ग्लास धारण करेगा □ × □ मिलीलीटर = [१२००] मिलीलीटर पानी




१२०० मिलीलीटर = (१ × १००० + २००) मिलीलीटर

= १ लीटर २०० मिलीलीटर

१ लीटर = १००० मिलीलीटर

सुतपा के भैया तूहिन ने दही की लस्सी बनाई हैं। उन्होंने घर के ९ सदस्यों में प्रत्येक को एक ग्लास करके दिया और स्वयं १ ग्लास लस्सी पी तथा दोस्त को २ ग्लास लस्सी पिलायी। अब यदि प्रत्येक ग्लास २०० मिलीलीटर लस्सी धारण करता हो तो तूहिन ने कुल कितनी मात्रा में लस्सी बनायी थी, हिसाब करें। (स्वयं करें)

तूहिन ने लस्सी बनायी (□ + □ + □) ग्लास = [१२] ग्लास

एक ग्लास धारण करता है □ मिलीलीटर

□ ग्लास धारण करेगा □ × □ मिलीलीटर = □ मिलीलीटर।

२४०० मिलीलीटर = ([२] × □ + □) मिलीलीटर = □ लीटर □ मिलीलीटर।

तूहिन ने लस्सी बनाया था □ लीटर □ मिलीलीटर।

यदि १ ग्लास में १५० मिलीलीटर लस्सी धरती, तब १२ ग्लास लस्सी के लिए कितनी मात्रा में लस्सी तैयार करनी पड़ती देखें।

१ ग्लास में धरता □ मिलीलीटर

[१२] ग्लास धारण करती □ × □ मिलीलीटर = □ मिलीलीटर

□ मिलीलीटर = (□ × □ + □) मिलीलीटर = □ लीटर □ मिलीलीटर

अतएव, □ लीटर □ मिलीलीटर लस्सी तैयार करनी पड़ती।

**शिक्षण परामर्श :** *लीटर और मिलीलीटर के बारे में धारणा।*



## *कितना पानी ढाला देखें*

अकबर आज कुएँ से छोटी बालटी द्वारा पानी निकाल कर बड़े गमले में डाल रहा है। कितना लीटर पानी उसने डाला मुमताज हिसाब करने की चेष्टा कर रही है।

छोटी बालटी में पानी धरता है २ लीटर ३०० मिलीलीटर। २ बार छोटी बालटी से पानी डालने पर, कुल कितना पानी डाला देखें।



  २ लीटर ३०० मिलीलीटर
+ २ लीटर ३०० मिलीलीटर
____ लीटर ____ मिलीलीटर

**१ लीटर = १००० मिलीलीटर**

४ लीटर ६०० मिलीलीटर = कितना मिलीलीटर देखें।

४ लीटर ६०० मिलीलीटर = ४ × ____ मिलीलीटर + ६०० मिलीलीटर
= ४००० मिलीलीटर + ६०० मिलीलीटर = ____ मिलीलीटर

इस प्रकार दो बार में पानी ढाला ____ मिलीलीटर

अब अकबर ने उसी बालटी से ३ बालटी पानी ढाला। हिसाब करके देखें उसने कितना मिलीलीटर पानी ढाला।



| कुल पानी ढाला | लीटर | मिलीलीटर |
|---|---|---|
| | २ | ३०० |
| + | २ | ३०० |
| + | २ | ३०० |
| | ____ | ____ |

= ____ लीटर ____ मिलीलीटर

६ लीटर ९०० मिलीलीटर = ____ × ____ मिलीलीटर + ____ मिलीलीटर
= ____ मिलीलीटर + ____ मिलीलीटर = ____ मिलीलीटर

तीन बार में अकबर ने ____ मिलीलीटर पानी ढाला।



## *खाना बनाने में कितना पानी लगा देखें*

खाना बनाने के लिए माँ के पास नल से दो बालटी पीने का पानी लाकर रखी। खाना बनाने में और पानी की जरूरत है। इसलिए मैंने और २ लीटर पानी बोतल में लाकर दे दिया।

दोनों बालटियों की पहली बालटी में ३ लीटर ३०० मिलीलीटर और दूसरी बालटी में २ लीटर ४०० मिलीलीटर पानी था। खाना बनाने के लिए माँ के पास कितना पानी था, हिसाब करें।

| | | लीटर | मिलीलीटर |
|---|---|---|---|
| पहली बालटी में है | | ३ | ३०० |
| दूसरी बालटी में है | + | २ | ४०० |
| मैंने बोतलों में लाया | + | २ | ००० |
| खाना बनाने के लिए माँ के पास कुल | | ☐ | ☐ |

= ☐ लीटर ☐ मिलीलीटर पानी था।

*खाना बनाने के अंत में १ लीटर ८०० मिलीलीटर पानी बचा था। अतः रसोई हेतु कितना पानी लगा हिसाब करें*

खाना बनाने में लगा,

| | | लीटर | मिलीलीटर |
|---|---|---|---|
| | | ७ | ७०० |
| | − | १ | ८०० |
| खाना बनाने के काम आया | | ☐ | ☐ |

= ☐ लीटर ☐ मिलीलीटर पानी।

मैं १ लीटर पानी लेकर स्कूल गया था। घर वापस आकर देखा १५० मिलीलीटर पानी अभी भी बोतल में पड़ा है। मैंने स्कूल में कितना पानी पिया देखें।



मैंने स्कूल में पानी पिया,

= १००० मिलीलीटर − १५० मिलीलीटर

= ☐ मिलीलीटर

| | ह. | सै. | द. | इ. | |
|---|---|---|---|---|---|
| | १ | ० | ० | ० | मिलीलीटर |
| − | | १ | ५ | ० | मिलीलीटर |
| | ☐ | | | | मिलीलीटर |

## स्वयं करें

१. क) २५७२ मिलीलीटर = ( २ × १००० + ☐ ) मिलीलीटर

= ☐ लीटर ☐ मिलीलीटर

ख) ८०७९ मिलीलीटर = ( ☐ × ☐ + ☐ ) मिलीलीटर

= ☐ लीटर ☐ मिलीलीटर

ग) ७००७ मिलीलीटर = ( ☐ × ☐ + ☐ ) मिलीलीटर

= ☐ लीटर ☐ मिलीलीटर

घ) ३ लीटर १३ मिलीलीटर = ३ × १००० मिलीलीटर + १३ मिलीलीटर

= ☐ मिलीलीटर + ☐ मिलीलीटर

= ☐ मिलीलीटर

ङ) ४ लीटर ८ मिलीलीटर = ☐ × ☐ मिलीलीटर + ☐ मिलीलीटर

= ☐ मिलीलीटर + ☐ मिलीलीटर

= ☐ मिलीलीटर

च) ५ लीटर ५०५ मिलीलीटर = ☐ × ☐ मिलीलीटर + ☐ मिलीलीटर

= ☐ मिलीलीटर + ☐ मिलीलीटर

= ☐ मिलीलीटर



## स्वयं मापें

१. आज स्कूल में मैंने पानी पिया ⟶ ☐ (लीटर / मिलीलीटर)।

२. आज घर में पूरे दिन में मैंने पानी पिया ⟶ ☐ (लीटर / मिलीलीटर)।

३. १ दूध के पैकेट में दूध है ⟶ ☐ (लीटर / मिलीलीटर)।

४. मैं रोज पौधे में ⟶ ☐ (लीटर / मिलीलीटर) पानी देता हूँ।

५. दवा की शीशी में दवा की मात्रा है ⟶ ☐ (लीटर / मिलीलीटर)।

## स्वयं करें

१. लीटर मिलीलीटर
  ५ २०१
+ ३ ८२५
☐ लीटर ☐ मिलीलीटर

२. लीटर मिलीलीटर
  २ ८
+ ४ २८७
☐ लीटर ☐ मिलीलीटर

३. लीटर मिलीलीटर
  ४ ८००
+ ५ २०७
☐ लीटर ☐ मिलीलीटर

४. लीटर मिलीलीटर
  ९ ९९९
− ८ २९
☐ लीटर ☐ मिलीलीटर

५. लीटर मिलीलीटर
  ७ ७०१
− ४ १०५
☐ लीटर ☐ मिलीलीटर

६. लीटर मिलीलीटर
  ५ ०००
− २ २९०
☐ लीटर ☐ मिलीलीटर

७. एक ५ लीटर वाले खाली जार में २ लीटर २५० मिलीलीटर ठंडा पानी और १ लीटर ८०० मिलीलीटर गरम पानी रखा। अब जार को पूरा भरने के लिए और कितना पानी डालना होगा, हिसाब करें।

८. गोपी मौसी ४ लीटर ४५० मिलीलीटर दूध लेकर घर-घर दूध देने निकली। उन्होंने राजू के घर में १ लीटर २५० मिलीलीटर, अब्दुल के घर में १ लीटर ५०० मिलीलीटर, प्रिया के घर ९०० मिलीलीटर दूध दिया। बाकी बचे दूध को उन्होंने मेरे घर दिया। उन्होंने कितना दूध मेरे घर दिया जरा हिसाब करें।

९. मैंने घर के सामने वाले चापाकल से ५ लीटर वाला जार भरकर पानी लिया। परन्तु जार में छेद रहने के कारण रास्ते में कुछ मात्रा में पानी गिर गया। घर आकर देखा जार में ३ लीटर २०० मिलीलीटर पानी है। कितना पानी गिर गया, उसे हिसाब करें।

१०. हमारे स्कूल की खाली टंकी में आज सुबह ३५ लीटर ७५० मिलीलीटर पानी भरा गया। शाम को भी १८ लीटर ५८० मिलीलीटर पानी भरा गया था। किन्तु हमलोगों ने २७ लीटर ३३० मिलीलीटर पानी का उपयोग पूरे दिन में किया है। अब स्कूल वाले टंकी में कितना पानी है, हिसाब करें।

## सवाल गढ़ें और बनाकर देखें

१. १ लीटर ३५० मिलीलीटर + ७८० मिलीलीटर

२. २ लीटर १७५ मिलीलीटर − १ लीटर २८० मिलीलीटर

३. ७८० मिलीलीटर + ८४० मिलीलीटर + ६७५ मिलीलीटर

४. ५ लीटर − ३ लीटर ४३० मिलीलीटर

५. २ लीटर ५४५ मिलीलीटर + २ लीटर ६२८ मिलीलीटर

**शिक्षण सामर्थ्य :** *वास्तविक समस्याओं के माध्यम से लीटर और मिलीलीटर के जोड़ और घटाव की धारणा।*

## पेंसिल की नोंक लेकर खेलें

आज शनिवार है। स्कूल से बहुत जल्द घर वापस आ गया हूँ। हाथ, पाँव और मुँह धोकर और कुछ खाकर मैं चित्रण करने बैठा। बार-बार चित्रण करने की चेष्टा कर रहा हूँ। पर पेंसिल की नोंक टूट कर बाहर आ जाती है। मैंने तय कि नोंकों की माप लूँगा। इसलिए एक स्केल के ऊपर पेंसिल के टूटे नोंकों को रखा।



देखा, १ पेंसिल की नोंक की लंबाई १ सेंमी से कुछ कम है। दूसरे की १ सेंमी. से और भी कम है।

१ पेंसिल के नोंक की लंबाई ____ मिलीमी.। दूसरे की लंबाई ____ मिलीमी.।

स्केल में देखा १ सेंटीमीटर को ____ समान भागों में भाग किया गया है।

अत:१ मिलीमीटर, १ सेंटीमीटर के समान ____ भागों का ____ भाग।



१ मिलीमीटर, १ सेंटीमीटर का कितना भाग देखें

इस १ सेंटीमीटर के $\frac{१}{१०}$ भाग को १ मिलीमीटर बोला जाता है।

किन्तु $\frac{१}{१०}$ को और दूसरी तरह कैसे लिखा जाता है। जानने की चेष्टा करें।



$\frac{१}{१०}$ को लिखा जाता है .१ एवं बोला जाता है १ दशांश या दशमलव १।

अथार्त् १ मिलीमीटर = .१ सेंटीमीटर।

यहाँ, $\frac{१}{१०}$ हुआ साधारण भिन्न, लेकिन .१ हुआ ____ भिन्न।




| पेंसिल के नोंक की लंबाई | १ सेंटीमीटर के १० भागों का कितना भाग | साधारण भिन्न में प्रकाश | दशमलव भिन्न में प्रकाश |
|---|---|---|---|
| २ मिलीमीटर | १ सेंमी. के [१०] भागों का [२] भाग | [ ]/[ ] सेंमी. | [.२] सेंटीमीटर |
| ३ मिलीमीटर | १ सेंमी. के [१०] भागों का [ ] भाग | [ ]/[ ] सेंमी. | [.३] सेंटीमीटर |
| ४ मिलीमीटर | १ सेंमी. के [ ] भागों का [ ] भाग | [ ]/[ ] सेंमी. | [ ] सेंटीमीटर |
| [ ] मिलीमीटर | १ सेंमी. के [ ] भागों का [ ] भाग | [ ]/[ ] सेंमी. | [ ] सेंटीमीटर |
| ६ मिलीमीटर | १ सेंमी. के [ ] भागों का [ ] भाग | [ ]/[ ] सेंमी. | [ ] सेंटीमीटर |
| [ ] मिलीमीटर | १ सेंमी. के [ ] भागों का [ ] भाग | [ ]/[ ] सेंमी. | [ ] सेंटीमीटर |
| [ ] मिलीमीटर | १ सेंमी. के [ ] भागों का [ ] भाग | [ ]/[ ] सेंमी. | [ ] सेंटीमीटर |
| [ ] मिलीमीटर | १ सेंमी. के [ ] भागों का [ ] भाग | [ ]/[ ] सेंमी. | [ ] सेंटीमीटर |
| १० मिलीमीटर | १ सेंमी. के [ ] भागों का [ ] भाग | [ ]/[ ] सेंमी. | [ ] सेंटीमीटर |

इसप्रकार १ पेंसिल के नोंक की लंबाई [८] मिलीमीटर = [.८] सेंटीमीटर

दूसरे पेंसिल के नोंक की लंबाई ४ मिलीमीटर = [ ] सेंटीमीटर

*शिक्षण सामर्थ्य : वास्तविक समस्या के माध्यम से दशमलव भिन्न की धारणा।*

## काँटी लेकर खेलें



मेरे पिताजी ने दीवाल पर चित्र लगाने के लिए कई छोटी-बड़ी काँटियों को टेबुल पर रखा है। मेरा भाई स्केल लेकर उनकी लंबाई मापने की चेष्टा कर रहा है।



नापकर देखा बड़ी काँटी की लंबाई ☐ सेंटीमीटर ☐ मिलीमीटर
छोटी काँटी की लंबाई ☐ सेंटीमीटर ☐ मिलीमीटर

### स्केल लेकर अपनी चीजों को नापें —

| सामान | लंबाई |
|---|---|
| मेरे अंगूठे का नाखून | ☐ सेंटीमीटर लंबा |
| मेरा अंगूठा | ☐ सेंटीमीटर लंबा |
| मेरी २ रुपये वाली मुद्रा / सिक्का | ☐ सेंटीमीटर चौड़ी |
| मेरी स्याही मिटाने वाली रबर | ☐ सेंटीमीटर लंबी |
| मेरा मोम रंग पेंसिल | ☐ सेंटीमीटर लंबा |

### अनुमान लगाएं —

| | सामान का नाम | नापकर लंबाई लिखें (सेंटीमीटर में) |
|---|---|---|
| १ सेंटीमीटर से छोटा | | |
| १ सेंटीमीटर से बड़ा पर २ सेमी. से छोटा | | |
| ४ सेमी. से बड़ा लेकिन ५ सेमी. से छोटा | | |
| ५ सेमी से बड़ा लेकिन १० सेमी. से छोटा | | |

| सामान का नाम | नापकर लंबाई लिखें (सेंटीमीटर में) |
|---|---|
| मेरी पानी की बोतल कितनी ऊँची | |
| मेरा घर की चाबी कितनी लंबी | |
| मेरी मोमबत्ती कितनी लंबी | |



# अपनी इच्छानुसार रंग भरें

आज हमारी कक्षा में प्रत्येक को एक ही माप का समान घर उकेरा गया कागज दिया गया। उसमें हम जितनी इच्छा हो उतने घरों में मनमर्जी रंग भरेंगे।



*समान घर उकेरा गया आयताकार कागज*

समान घर उकेरे गये आयताकार कागज में [ ] घर हैं।

मैंने रंग किया ➡  ➡ १० भागों का १ भाग ➡ $\frac{\square}{\square}$ भाग = [ .१ ] भाग

नासिर ने रंग किया ➡  ➡ १० भागों का [ ] भाग ➡ $\frac{\square}{\square}$ भाग = [ .२ ] भाग

प्रदीप ने रंग किया ➡  ➡ [ ] भागों का [ ] भाग ➡ $\frac{\square}{\square}$ भाग = [ ] भाग

तृषा ने रंग किया ➡  ➡ [ ] भागों का [ ] भाग ➡ $\frac{\square}{\square}$ भाग = [ ] भाग

जॉन ने रंग किया ➡  ➡ [ ] भागों का [ ] भाग ➡ $\frac{\square}{\square}$ भाग = [ ] भाग

मोना ने रंग किया ➡  ➡ [ ] भागों का [ ] भाग ➡ $\frac{\square}{\square}$ भाग = [ ] सम्पूर्ण

## दोस्त के कहे अनुसार रंग भरें

आज सुशोभन ने कक्षा में प्रत्येक को समान घर उकेरे गये एक ही नाप वाले गोलाकार कागज दिए। अब सुशोभन जिसे जितना भाग रंग करने को कहेगा, हम उसी अनुसार रंग करेंगे।



रतन ने .१ भाग रंग किया ➠



मिता ने .२ भाग रंग किया ➠



जमाल ने .४ भाग रंग किया ➠



डेविड ने .५ भाग रंग किया ➠



गुरप्रीत ने .७ भाग रंग किया ➠



रोशन ने .८ भाग रंग किया ➠



रूपचाँद ने .९ भाग रंग किया ➠



मैंने सम्पूर्ण या १ पूरा रंग किया ➠



## कितना दिया, देखें



भैया के पास कुछ जामुन हैं। भैया ने उसका .२ भाग मुझे दिया। मुझे कितना दिया देखें।

.२ भाग → समान ☐ भागों का ☐ भाग = $\frac{२}{१०}$ भाग

### स्वयं करें

| दशमलव भिन्न | | साधारण भिन्न |
|---|---|---|
| .३ | = | $\frac{☐}{☐}$ |

| दशमलव भिन्न | | साधारण भिन्न |
|---|---|---|
| ☐ | = | $\frac{५}{१०}$ |

| दशमलव भिन्न | | साधारण भिन्न |
|---|---|---|
| .४ | = | $\frac{☐}{☐}$ |

| दशमलव भिन्न | | साधारण भिन्न |
|---|---|---|
| ☐ | = | $\frac{८}{१०}$ |

| दशमलव भिन्न | | साधारण भिन्न |
|---|---|---|
| .६ | = | $\frac{☐}{☐}$ |

| दशमलव भिन्न | | साधारण भिन्न |
|---|---|---|
| .९ | = | $\frac{☐}{☐}$ |

### चित्रण करें और नापें —

| | | | सही माप (चित्र का) |
|---|---|---|---|
| १. | एक मछली का चित्र बनायें जिसकी लम्बाई लगभग ४ सेंमी से ५ सेंमी की हो | ➠ ☐ | ➠ ☐ सेंमी. |
| २. | एक लॉजेंस का चित्र बनायें जिसकी लम्बाई लगभग २ सेंमी से ३ सेंमी हो | ➠ ☐ | ➠ ☐ सेंमी. |
| ३. | एक काँटी का चित्र बनायें जिसकी लंबाई लगभग १ सेंमी से २ सेंमी हो | ➠ ☐ | ➠ ☐ सेंमी. |

**शिक्षण सामर्थ्य :** *सक्रियता आधारित कार्य के माध्यम से दशमलव भिन्न की धारणा। साधारण भिन्न और दशमलव भिन्न के संबंधों की धारणा।*

# मैदान में टिफ़िन बांट कर खाएं

मैं, सायरा और सुदीप रोज खेल के मैदान में जाते हैं। प्रतिदिन मैदान में हम अपना खाना भाग करके खाते हैं। पिछले रविवार को माँ ने घर में लड्डू बनाये। हम सभी दोस्तों को लड्डू खाना बहुत पसंद है।





*लेकिन कितने लड्डुओं को ले जाने से लड्डुओं तोड़े बिना ही हम तीनों उसे समान भागों में भाग करके खा सकते हैं, देखें।*

यदि [ ३ ] लड्डू ले जाएं —



प्रत्येक [ १ ] लड्डू पायेगा।

यदि [ ४ ] लड्डू ले जाएं —



पड़ा रहेगा।

प्रत्येक द्वारा [ १ ] लड्डू लेने पर भी [ ] लड्डू पड़ा रहा जायेगा।

यदि [ ५ ] लड्डू ले जाएं —



पड़ा रहेगा।

प्रत्येक द्वारा [ ] लड्डू लेने पर भी [ ] लड्डू पड़ा रहा जायेगा।

यदि [ ६ ] लड्डू ले जाएं —



प्रत्येक [ २ ] लड्डू करके पायेगा।

यदि [ ] लड्डू ले जाएं —



प्रत्येक [ ३ ] लड्डू करके पायेगा।

यदि [ ] लड्डू ले जाएं —



प्रत्येक द्वारा [ ४ ] लड्डू लेने पर भी [ ] लड्डू पड़ा रहा जायेगा।



*अब देखें कितने लड्डुओं को ले जाने पर प्रत्येक लोग बिना तोड़े ही समान संख्या में लड्डू खा सकेंगे।*

**हम ३ लोगों के लिए लड्डू ले सकते हैं।**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ३ | × | १ | = | ३ | ➡ प्रत्येक | १ | लड्डू करके पायेगा। |
| ३ | × | | = | ६ | ➡ प्रत्येक | | लड्डू करके पायेगा। |
| ३ | × | | = | ९ | ➡ प्रत्येक | | लड्डू करके पायेगा। |
| ३ | × | | = | १२ | ➡ प्रत्येक | | लड्डू करके पायेगा। |
| | × | | = | १५ | ➡ प्रत्येक | | लड्डू करके पायेगा। |

इसप्रकार देख रहा हूं कि जितना बेशी लड्डू लूंगी उतना ही बेशी करके प्रत्येक को मिलेगा।

ऐसी संख्या में लड्डू लूंगी ताकि उस संख्या को ☐ द्वारा भाग दिया जा सके।



देखा लड्डुओं की संख्या अर्थात ३, ६, ९, १२, १५ ..................................
सभी को ३ के साथ बारी-बारी १, २, ३, ४, ५, .......... का गुणा करके पाया ।
इसके बाद ३, ६, ९, १२, १५ ...................... इन्हें ३ का क्या बोला जाता है?

**३, ६, ९, १२, १५....... को ३ का अपवर्त्य बोला जाता है**

**हमारे ४ लोगों के लिए लड्डू ले सकते हैं।**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ४ | × | | = | ४ | ➡ प्रत्येक | १ | लड्डू करके पायेगा। |
| | × | | = | ८ | ➡ प्रत्येक | | लड्डू करके पायेगा। |
| | × | | = | १२ | ➡ प्रत्येक | | लड्डू करके पायेगा। |
| | × | | = | १६ | ➡ प्रत्येक | | लड्डू करके पायेगा। |
| | × | | = | | ➡ प्रत्येक | | लड्डू करके पायेगा। |

शून्य को छोड़कर ४ के अपवर्त्य हुए ☐, ☐, ☐, ☐, ☐, ☐, ........................

*नीचे बैलूनों में मैं शून्य को छोड़कर ५ के अपवर्त्यों को लिखने की चेष्टा करूं।*






.............

## नया खेल खेलें




राजू और रेजिना आज एक नया खेल खेलेंगे। राजू ने घर के सामने वाले चबूतरे पर दाग काटकर १, २ ............. १५ तक बारी-बारी लिखा है।

राजू ने बाघ का मुखौटा पहना है। और रेजिना पहनी है बिल्ली का मुखौटा।

**मैं घर से २ घरों के अंतर पर बाघ की तरह कूदते हुये आगे जाऊंगा और जिस घर में जाऊंगा उस घर में ▲ कार्ड रखूंगा।**



▲ कार्ड हैं [ ३ ], [ ६ ], [ ], [ ], [ ] के घरों में

अर्थात [ ] के अपवर्त्य वाले घरों में मैंने ▲ कार्ड रखा है।



**मैं घर से १ घर छोड़कर बिल्ली की तरह कूदती हुयी आगे जाऊंगी और मैं जिस घर में जाऊंगी उस घर में ■ कार्ड रखूंगी।**

■ कार्ड हैं [ २ ], [ ४ ], [ ], [ ], [ ], [ ] के घरों में

अर्थात [ ] के अपवर्त्य के घरों में मैंने ■ कार्ड रखा है।

देखा ▲ और ■ दोनों ही कार्ड एक साथ रखे हैं [ ६ ] और [ ] के घर में।



*किन्तु क्यों ऐसा हुआ?*

६ -के घर में ▲ कार्ड है, क्योंकि ६ = [ ३ ] × [ २ ] अर्थात , [ ३ ] का अपवर्त्य है।

वहीं ६ के घर में ■ कार्ड भी है, क्योंकि ६ = [ ] × [ ३ ] अर्थात ६, [ ] का [ ] है।

फिर १२ के घर में ▲ कार्ड है, क्योंकि १२ = [ ] × [ ४ ] अर्थात १२, [ ] का [ ] है।

१२ के घर में ■ कार्ड भी है, क्योंकि १२= [ २ ] × [ ] अर्थात १२, [ २ ] का [ ] है।



मिला ६, [ ] -का अपवर्त्य, और [ ] का भी अपवर्त्य है।
इसप्रकार २ और ३ -के अपवर्त्यों में ६ -को क्या बोलेंगे जानने का प्रयास करें।

**६, -२ और ३ का समापवर्त्य है।**



इसी प्रकार, १२ — [ ], [ ] और [ ] का समापवर्त्य है।

*२ और ३ के अन्य समापवर्त्यों को खोजें*

२ और ३ के समापवर्त्य हुए [ ६ ], [ १२ ], [ १८ ], [ ], [ ], [ ], [ ], [ ४२ ] ...........

**स्वयं करें**

१) शून्य को छोड़कर ६ के और ८ अपवर्त्यों को लिखें।
२) शून्य को छोड़कर ५ के और ८ अपवर्त्यों को लिखें।
३) ५ के और ६ के १ समापवर्त्य को लिखें।
४) ६ के और ५ के ४ समापवर्त्यों को लिखें।

## आओ करके देखें

लगे हाथ काम करके २ और ३ के समापवर्त्यों और लघुत्तम समापवर्त्य (ल०स०) खोजें।

१५ सेंमी. लंबा और ३ सेंमी. चौड़ा तीन कागज लिया। प्रत्येक कागज के ऊपर नीचे दिए अनुसार १०० समान घरों का खाँचा बनाया।

*पहला कागज*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | २ | ३ | ४ | ५ | ६ | ७ | ८ | ९ | १० |
| ११ | १२ | १३ | १४ | १५ | १६ | १७ | १८ | १९ | २० |
| २१ | २२ | २३ | २४ | २५ | २६ | २७ | २८ | २९ | ३० |
| ३१ | ३२ | ३३ | ३४ | ३५ | ३६ | ३७ | ३८ | ३९ | ४० |
| ४१ | ४२ | ४३ | ४४ | ४५ | ४६ | ४७ | ४८ | ४९ | ५० |
| ५१ | ५२ | ५३ | ५४ | ५५ | ५६ | ५७ | ५८ | ५९ | ६० |
| ६१ | ६२ | ६३ | ६४ | ६५ | ६६ | ६७ | ६८ | ६९ | ७० |
| ७१ | ७२ | ७३ | ७४ | ७५ | ७६ | ७७ | ७८ | ७९ | ८० |
| ८१ | ८२ | ८३ | ८४ | ८५ | ८६ | ८७ | ८८ | ८९ | ९० |
| ९१ | ९२ | ९३ | ९४ | ९५ | ९६ | ९७ | ९८ | ९९ | १०० |

**पहले कागज पर १ से १०० तक चित्रानुसार लिखा।**



दूसरा कागज





दूसरे कागज पर एक घर छोड़कर छिद्रित किया।

तीसरा कागज





तीसरे कागज पर दो घरों को छोड़कर छिद्रित किया।

१. पहले कागज के ऊपर दूसरे कागज को रखकर २ के अपवर्त्यों को देख रही हूं। अर्थात २, ४, ६, ८, .......... देख रही हूं।

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | २ | | ४ | | ६ | | ८ | | १० |
| | १२ | | १४ | | १६ | | १८ | | २० |
| | २२ | | २४ | | २६ | | २८ | | ३० |
| | ३२ | | ३४ | | ३६ | | ३८ | | ४० |
| | ४२ | | ४४ | | ४६ | | ४८ | | ५० |
| | ५२ | | ५४ | | ५६ | | ५८ | | ६० |
| | ६२ | | ६४ | | ६६ | | ६८ | | ७० |
| | ७२ | | ७४ | | ७६ | | ७८ | | ८० |
| | ८२ | | ८४ | | ८६ | | ८८ | | ९० |
| | ९२ | | ९४ | | ९६ | | ९८ | | १०० |

२. पहले कागज के ऊपर तीसरे कागज को रखकर ३ के अपवर्त्यों को देख रही हूं। अर्थात ३, ६, ९ .................. को देख रही हूं।

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | ३ | | | ६ | | | ९ | |
| | १२ | | | १५ | | | १८ | | |
| २१ | | | २४ | | | २७ | | | ३० |
| | | ३३ | | | ३६ | | | ३९ | |
| | ४२ | | | ४५ | | | ४८ | | |
| ५१ | | | ५४ | | | ५७ | | | ६० |
| | | ६३ | | | ६६ | | | ६९ | |
| | ७२ | | | ७५ | | | ७८ | | |
| ८१ | | | ८४ | | | ८७ | | | ९० |
| | | ९३ | | | ९६ | | | ९९ | |

३. अब पहले कागज के ऊपर दूसरे और तीसरे दोनों कागजों को बैठाकर देख रही हूं, ६, १२, १८, २४, .........।

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | ६ | | | | |
| | १२ | | | | | | १८ | | |
| | | | २४ | | | | | | ३० |
| | | | | | ३६ | | | | |
| | ४२ | | | | | | ४८ | | |
| | | | ५४ | | | | | | ६० |
| | | | | | ६६ | | | | |
| | ७२ | | | | | | ७८ | | |
| | | | ८४ | | | | | | ९० |
| | | | | | ९६ | | | | |



| | |
|---|---|
| शून्य को छोड़कर २ के अपवर्त्य | ☐, ☐, ☐, ☐, ☐, ☐, ☐, ☐, ☐, ☐ ..... |
| शून्य को छोड़कर ३ के अपवर्त्य | ☐, ☐, ☐, ☐, ☐, ☐, ☐, ☐, ☐, ☐ ..... |
| २ और ३ के समापवर्त्य | ☐, ☐, ☐, ☐, ☐, ☐, ☐, ☐, ☐, ☐ ..... |
| २ और ३ का लघुत्तम समापवर्त्य | ☐ |

**शिक्षण सामर्थ्य :** *वास्तविक समस्या और सक्रियता आधारित कार्यों द्वारा किसी संख्या के शून्य को छोड़कर अपवर्त्यों, दो संख्याओं के समापवर्त्यों और उनके लघुत्तम समापवर्त्य (ल०स०) की धारणा।*

# खरगोश और कंगारू का उछलना देखें




० से शुरू कर कंगारू ४ घरों की छलांग, और खरगोश ३ घरों की छलांग लगाता है। जिन–जिन घरों में दोनों ही कूद रहे हैं। उसे **लाल** गोलाकार करें।



कंगारू के कूदने का घर ४ , ८ , ____ , ____ , ____ , ____ , ...............

कंगारू कूद रहा है ____ –के अपवर्त्यों के घरों में।

अत: ० को छोड़कर ४ के अपवर्त्य ____ , ____ , ____ , ____ , ____ , ____ , ...............

खरगोश के कूदने का घर ३ , ६ , ____ , ____ , ____ , ____ , ...............

खरगोश कूद रहा है ____ – के अपवर्त्यों के घरों में।

अत: ० को छोड़कर ३ के अपवर्त्य ____ , ____ , ____ , ____ , ____ , ____ , ...............

लाल गोल किया घर अर्थात कंगारू और खरगोश दोनों के ही कूदने वाले घरों को देखा वे हैं ____ और ____ । पाया, ४ और ३ –इन दोनों का समापवर्त्य ____ और ____ है।

४ और ३ के समापवर्त्य हुए ____ , ____ , ____ , ____ , ____ , ____ , ...............

४ और ३ के समापवर्त्यों की संख्या ____ होती है । (निश्चित / असंख्य)।

इन समापवर्त्यों में सबसे छोटा ____ है।

पाया, ४ और ३ का लघुत्तम समापवर्त्य ____ है।



## दो घरों में बिठाएँ

मिलि और मानस दोनों दो रंगीन कागजों में अलग-अलग अपवर्त्य बनाएंगे।

*मैं शून्य को छोड़कर ५ के अपवर्त्यों को मेरे पीले घर में लिखूं*






← ५ के अपवर्त्य

*मिलि का पीला कागज*



*मैं शून्य को छोड़कर -६ के अपवर्त्यों के मेरे हरे घर में लिखूं।*




← ६ के अपवर्त्य

*मानस का हरा कागज*



*मेरे पीले कागज की कुछ संख्याएँ मानस के हरे कागज वाली कुछ संख्याओं के साथ मिल रही हैं। दोनों कागजों की एक समान संख्याओं को एक साथ रखकर सजाएं।*

☐ के अपवर्त्य →




← ६ के ☐

५ और ६ के समापवर्त्य

## स्वयं करें

१) नीचे की संख्याओं में २ के अपवर्त्यों पर ◯ और ५ के अपवर्त्यों पर ☐ बिठाएँ।

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ४, | ५, | २, | ७, | ११, | १५, | ८, | २५, | १४, | १३, |
| १७, | २२, | ३५, | ३२, | ३१, | ३३, | २३, | २६, | ४५, | ४४, |
| ३४, | ६७, | ३९, | ४१, | ४२, | ४३, | ४६, | ४७, | ४८, | ४९. |

२) नीचे दी गई रेखा में ० से शुरू कर उछलते-उछलते २ और ४ के समापवर्त्यों को खोजें।

०, १, २, ३, ४, ५, ६, ७, ८, ९, १०, ११, १२, १३, १४, १५, १६

२ और ४ के समापवर्त्य हुए ☐, ☐, ☐, ☐, ☐, ☐, ..........

२ और ४ का सबसे छोटा लघुत्तम समापवर्त्य ☐

३) नीचे दी रेखा में ० से शुरू कर उछलते-उछलते ७ के अपवर्त्यों में जाएँ और लिखें।

०, १, २, ३, ४, ५, ६, ७, ८, ९, १०, ११, १२, १३, १४, १५, १६,

शून्य के अलावा ७ के अपवर्त्य हुए ☐, ☐, ☐, ☐, ☐, ☐, ..........

४) ८ और ६ के दो समापवर्त्य लिखें ☐, ☐

५) जुलेखा ने अपने लाल गोले में शून्य के अलावा २-के १२ अपवर्त्यों को लिखा।



जालान ने अपने नीले रंग वाले गोले में शून्य के अलावा ३ के १२ अपवर्त्यों को लिखा।



शीला ने अपने हरे गोले में ४ के १२ अपवर्त्यों को लिखा



२, ३ और ४ के समापवर्त्यों को खोजें और यहाँ लिखें।



**शिक्षण सामर्थ्य :** *संख्या का शून्य के अलावा, अपवर्त्य, दो या तीन संख्याओं के समापवर्त्य और उनके लघुत्तम समापवर्त्य की धारणा।*

# स्कूल का कार्यक्रम आयोजित करें

गरमी की छुट्टी के पहले हमारे स्कूल में एक कार्यक्रम होगा। जिसमें गान हेतु १२ तथा नृत्य के लिए १२ छात्र-छात्राओं ने नाम दिया है। लेकिन कार्यक्रम में नृत्य का २ और गाना का ३ प्रोग्राम तय है।

किस प्रकार नृत्य का २ दल और गान का ३ दल तैयार करूँगा, देखें ताकि प्रत्येक दल में समान संख्यक सदस्य रहें।

नृत्य के लिए १२ लोगों को २ दलों में समान संख्या में भाग करने पर प्रत्येक दल में रहेंगे,
१२ लोग ÷ २ = ☐ लोग (क्योंकि २ × ☐ = १२)

गाने के लिए १२ लोगों को ३ दलों में समान संख्या में भाग करने पर प्रत्येक दल में रहेंगे,
१२ लोग ÷ ३ = ☐ लोग

यदि १२ लोगों में से २ लोगों को लेकर दल बनाएं, तब दल होगा (१२ ÷ २) = ☐
और, १२ लोगों में से ३ लोगों को लेकर दल बनाएं तब दल होगा (☐ ÷ ☐) = ☐




१२ लोगों को लेकर १, २, ३, ४, ६ और १२ दल बनाया जा सकता है।
इस १, २, ३, ४, ६ और १२ को १२ -का क्या बोलेंगे ?

१, २, ३, ४, ६ और १२ हुए १२ के अपवर्तक या उत्पादक । १२ के अपवर्तकों या उत्पादकों की संख्या है- ६ ।

## बटन लेकर खेलें

माँ की सिलाई वाले बक्से में बहुत से बटन हैं। आज मैं २० बटनों को आयताकार सजाऊँगा।



*मैंने सजाया*

इस तरह सजाने पर लंबाई में [ ] बटन हैं। और चौड़ाई में [ ] बटन हैं।

अत: २० = [ ] × २। चूंकि, २० ÷ २ = [ ]



२०, ३ से विभाज्य नहीं है। अत: ३, २० का अपवर्तक या उत्पादक नहीं होगा।

समान संख्या में सजाया नहीं जा सका।



इस तरह सजाएं

इस तरह सजाने पर लंबाई में [ ] बटन और चौड़ाई में [ ] बटन हैं।

अत: २० = [ ] × [ ]। चूँकि २० ÷ ४ = [ ]।

**२० बटनों को और कैसे सजाया जा सकता है, देखें —**




२० –के उत्पादकों अथवा अपवर्तकों को पाया [ ], [ ], [ ], [ ], [ ], [ ] पाया, किसी संख्या के अपवर्तक या उत्पादक गिने जा सकते हैं। अथार्त् अपवर्तकों या उत्पादकों की संख्या [ ] होती है (निश्चित / असंख्य)।

मेरे पास ८ लाल, १५ आसमानी और ९ हरी बिंदियाँ हैं। नीचे खॉके के घरों में उसे अलग-अलग आयताकार रूप में सजाऊँ।



तरह-तरह से १५ आसमानी बिंदियों को सजाकर पाया —१५ = १× ☐

१५ = ३ × ☐

ऊपर के खॉके में १५ के उत्पादक अथवा अपवर्तक हुए ☐, ☐, ☐, ☐

तरह-तरह से ९ आसमानी बिंदियों को सजाकर पाया ९ = १× ☐

९ = ☐ × ☐

ऊपर के खॉके में ९ के उत्पादक अथवा अपवर्तक हुए ☐, ☐, ☐

तरह-तरह से ८ आसमानी बिंदियों को सजाकर पाया ८ = १ × ☐

८ = २ × ☐

ऊपर के खॉके में ८ के उत्पादक अथवा अपवर्तक हुए ☐, ☐, ☐, ☐

अपने से वैसा ही एक खॉका तैयार करें और वहाँ २४ आसमानी और ८ पीली बिंदियों को आयताकार रूप में सजाकर दिखाएं–

१) २४ = १ × □, २४ = २ × □, २४ = □ × □, २४ = □ × □

२) ८ = १ × □, ८ = □ × □

नीचे के खॉके में गुणा करके अपवर्त्यों को देखें और वहाँ से अपवर्तक या उत्पादकों को खोजने की चेष्टा करें—

| × | १ | २ | ३ | ४ | ५ | ६ | ७ | ८ | ९ | १० | ११ | १२ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | | | | | | | | | | | १२ |
| २ | २ | ४ | ६ | ८ | १० | १२ | | | | | | |
| ३ | | ६ | ९ | १२ | | | | | | | | |
| ४ | | | १२ | | | | | | | | | |
| ५ | | | | | | | | | | | | |
| ६ | | १२ | | | | | | | | | | |
| ७ | | | | | | | | | | | | |
| ८ | | | | | | | | | | | | |
| ९ | | | | | | | | | | | | |
| १० | | | | | | | | | | | | |
| ११ | | | | | | | | | | | | |
| १२ | १२ | | | | | | | | | | | |



*ऊपर के खाने से कौन–कौन सी संख्याओं का उत्पादक या अपवर्तक १२ पाया, देखें।*

१२ हुआ ⇨ □ –का अपवर्त्य, □ –का अपवर्त्य
□ –का अपवर्त्य, □ –का अपवर्त्य
□ –का अपवर्त्य, □ –का अपवर्त्य

१२ के अपवर्तक या उत्पादक हए, १, २, □, □, □, □

*मैं खॉके से दूसरी तरह १० –के अपवर्तकों को खोजकर आसमानी रंग दूं।*



१० हुआ ⇨ १ –का अपवर्त्य, □ –का अपवर्त्य
□ –का अपवर्त्य, □ –का अपवर्त्य

१० के अपवर्तक अथवा उत्पादक □, □, □, □, □, □।

**शिक्षण सामर्थ्य :** *वास्तविक समस्या और सक्रियता आधारित कार्य के द्वारा किसी संख्या का अपवर्तक या उत्पादक की धारणा।*



पिछले खॉके से दूसरी तरह ६ -के अपवर्तकों को खोजकर नीला रंग भरूं।

६ हुआ ⇨ [१] × □ [ □ का अपवर्त्य ]
□ × □ [ □ का अपवर्त्य ]
□ × □ [ □ का अपवर्त्य ]
□ × □ [ □ का अपवर्त्य ]

६ के अपवर्तक □, □, □ और □

## आओ करें

**६ पेंसिलों को समान भागों में कितने लोगों को दे सकता हूँ।**

६ ➡  [६ पेंसिल १ जन को] ➡ ६ × १

६ ➡  [३ करके २ जन को] ➡ ३ × २

६ ➡  [२ करके ३ जन को] ➡ २ × ३

६ ➡  [१ करके ६ जन को] ➡ १ × ६

*८ बटनों को लेकर स्वयं ८ के उत्पादकों को खोजें*



८ हुआ ⇨ □ × □ [ [१] का अपवर्त्य ]
□ × □ [ □ का अपवर्त्य ]
□ × □ [ □ का अपवर्त्य ]
□ × □ [ □ का अपवर्त्य ]

८ के उत्पादक या अपवर्तक हैं □, □, □ और □।

## उत्पादक का पेड़ देखें










१२ के उत्पादक या अपवर्तक हुए १, २, २ × २ = ४, २ × ३ = ६, १२

**[१२] के उत्पादक पेड़ की तरह [१०] के उत्पादकों का पेड़ तैयार करें।**




१० के अपवर्तक या उत्पादक हुए ☐, ☐, ☐, ☐।

### स्वयं करें

| | |
|---|---|
| **१) ६– के उत्पादकों का पेड़ बनाएं —**<br>६ के उत्पादक या अपवर्तक हैं ☐, ☐, ☐, ☐।<br>६ के उत्पादकों या अपवर्तकों की संख्या है ☐। |  |
| **२) ४– के उत्पादकों का पेड़ बनाएं —**<br>४ के उत्पादक या अपवर्तक हैं ☐, ☐, ☐, ☐।<br>४ के उत्पादकों या अपवर्तकों की संख्या है ☐। |  |
| **३) ९– के उत्पादकों का पेड़ बनाएं —**<br>९ के उत्पादक या अपवर्तक हैं ☐, ☐, ☐, ☐।<br>९ के उत्पादकों या अपवर्तकों की संख्या है ☐। |  |

**४. मेरे पास ६ लॉजेंस हैं। बिना तोड़े उसे कितने लोगों में समान भागों में भाग करके दे सकता हूँ, देखूं।**

मैं १ जन को, २ जनों को, ३ जनों को और ६ जनों को समान संख्या में भाग करके दे सकता हूँ।

मैं [१] को [६] पीस, [२] लोगों को [ ] करके [३] लोगों को [ ] करके के और [६] लोगों को [ ] करके लॉजेंस दे सकता हूँ।



**५. मैदान में १० लड़के-लड़कियाँ खेलने आए हैं। वे समान संख्या में दल बनाकर खेलेंगे। कितने दल बना सकता हूँ, देखूं।**

वे [ ] लोगों का [ ] दल, [ ] लोगों का [ ] दल, [ ] लोगों का [ ] दल, [ ] लोगों का [ ] दल बना सकेंगे।



**६. ८ पुस्तकें हैं। कितने ताक़ों में उसे समान संख्या में रख सकता हूँ, देखें।**

८ के अपवर्तक या उत्पादक हैं। [ ], [ ], [ ] और [ ]।

इसप्रकार [ ] में या [ ] में या [ ] में या [ ] ताकों में समान संख्या में पुस्तकों को रख सकता हूं।



**७. १५ गुलाब के फूलों को कितने लोगों को किस प्रकार समान संख्या में दे सकता हूँ।**

इसप्रकार १५ गुलाब के फूलों को [ ], [ ], [ ] और [ ] लोगों को समान संख्या में दे सकता हूँ।

१ को दे सकता हूँ १५, ३ लोगों में प्रत्येक को दे सकता हूँ [ ] करके, [ ] लोगों में प्रत्येक को दे सकता हूँ [ ] करके, १५ लोगों में प्रत्येक को दे सकता हूँ [ ] करके।



**८. नीचे जो संख्यायें ४८ -के अपवर्तक या उत्पादक हैं उसे ◯ करें —**

३, २, ५, ८, ४, ७, ६, ९, १२, १३, १५, २०

**९. नीचे जो संख्यायें २० -के अपवर्तक हैं या उत्पादक हैं उसे [ ] करें —**

३, ५, २, ८, ४, ७, ६, ९, १०, १

**१०. उत्पादक का पेड़ तैयार करें —**

(क) १८, (ख) २२, (ग) २५, (घ) २७, (ङ) ३०, (च) ३२, (छ) ३४, (ज) ३६, (झ) ३९, (ञ) ४०।

**शिक्षण सामर्थ्य :** *उत्पादक के पेड़ द्वारा संख्या के अपवर्तक की धारणा।*



## *फूलदानी में फूल रखें*

रीता के पास गुलाब ६ के फूल हैं और देविका के पास रजनीगंधा फूलों के ४ स्टिक हैं। वे दोनों गुलाब और रजनीगंधा फूलों के स्टीक को समान संख्या में एक साथ फूलदानी में रखेंगी, कितनी फूलदानियाँ लगेंगी, हिसाब करें।

पहले, रीता गुलाब के ६ फूलों को समान संख्या में कितनी फूलदानियों में रख सकेगी देखें।

रीता ने ६ –का उत्पादक पाया ☐, ☐, ☐ और ☐।

इसलिए रीता ६ गुलाब फूलों को– १ फूलदानी में या ☐ फूलदानी में या ☐ फूलदानी में या ☐ फूलदानी में रख सकेगी।



अब देविका रजनीगंधा फूलों के ४ स्टिक को समान संख्या में कितनी फूलदानियों में रख सकेगी देखें।

देविका ने ४ का उत्पादक पाया ☐, ☐, ☐।

देखा कि देविका अपने ४ रजनीगंधा फूलों के स्टिक को ☐ फूलदानी में या ☐ फूलदानी में या ☐ फूलदानी में रख सकेगी।






*रीता की फूलदानियों की संख्या*




*देविका की फूलदानियों की संख्या*




*रीता और देविका के फूल एक साथ समान संख्या में रखे जा सकेंगे उतनी फूलदानियों की संख्या।*

अत: वे, १ फूलदानी अथवा २ फूलदानियों में समान संख्या में गुलाब के फूल और रजनीगंधा फूलों के स्टिक एक साथ रख सकेंगी।

## बॉक्स में पेंसिल और रबर रखें



मेरे पास ८ पेंसिल के दाग मिटाने वाले रबर और १२ पेंसिलें हैं। मैं और मेरा भाई कुछ बॉक्सों में समान संख्या में पेंसिल और रबर को रखेंगे। हिसाब करके देखें मैं कितने बॉक्सों में समान संख्या में पेंसिल और रबर को एक साथ रख सकूंगी।







१२ –के उत्पादक वाले पेड़ से मिला

१२ पेंसिलों को समान संख्या में, [ ] या [ ] या [ ] या [२ × २ = ४] या [३ × २ = ६] या [ ] बॉक्सों में रख सकूंगी।

मेरा भाई ८ रबर को समान संख्या में कुछ बॉक्सों में रखने का प्रयास कर रहा है।



८ –के उत्पादक वाले पेड़ से मिला

८ रबर को [ ] या [ ] या [ ] या [ ] बॉक्सों में समान संख्या में रख सकेगा।



पेंसिल रखने वाले बॉक्सों की संख्या    रबर रखने वाले बॉक्सों की संख्या    पेंसिल और रबर समान संख्या में रखे बॉक्सों की संख्या

अत: १२ पेंसिलों और ८ रबर को समान संख्या में एक साथ [ ] अथवा [ ] अथवा [ ] अथवा बॉक्सों में रख सकेंगे।

१) ४ और ५ के समापवर्तक या समान उत्पादक खोजें—




४ और ५ के समापवर्तक या समान उत्पादक

४ और ५का समापवर्तक [१]। अत: ४ और ५ के समापवर्तक की संख्या [१]

- इस प्रकार ४ और ५ के समापवर्त्तक की संख्या (निश्चित/असंख्या) है। [ठीक उत्तर पर✓ निशान दें]

१० और १४ के समापवर्तक या समान उत्पादक खोजने की चेष्टा करें। पहले १० और १४ –के उत्पादक या अपवर्तक का पेड़ तैयार करें —




१० और १४ के समापवर्तक या समान उत्पादक।

१० और १४ –के समापवर्तक या उत्पादक १ और २

१० और १४ –का सबसे बड़ा समापवर्तक या उत्पादक हुआ [ ]।

१० और १४ –के समापवर्तकों या समान उत्पादकों की संख्या २ है।

- अत: १० और १४ के समापवर्तकों की संख्या (निश्चित/असंख्य) है। [ठीक उत्तर पर ✓ निशान दें]

३) २१ और २४ के समापवतकों या समान उत्पादकों को खोजें।







२१ और २४ के समापवर्तक या समान उत्पादक हुए



२१ और २४ के समापवर्तक ☐ और ☐

२१ और २४ के समापवर्तकों की संख्या ☐

२१ और २४ का सबसे बड़ा समापवर्तक ☐

४) नीचे की कौन-कौन सी संख्याओं का अपवर्तक है- २, उसे खोजें और गोल करें।

१५, ११, १२, ९, १७, १६, १३, १०, १४, २८

५) नीचे की जिन संख्याओं का अपवर्तक या उत्पादक है- ३, उन संख्याओं को खोजें और लिखें।

१५, २०, २७, ४९, ३३, ११

६) २१ कौन-कौन सी संख्याओं का अपवर्त्य है, उसे खोजें। उनमें से २१ के अपवर्तकों या उत्पादकों को लिखें।

२१- ☐, ☐, ☐ और ☐ का अपवर्त्य।

इसप्रकार २१ के अपवर्तक या उत्पादक ☐, ☐, ☐ और ☐।

२१ ÷ १ = ☐

२१ ÷ २ → विभाज्य नहीं

२१ ÷ ३ = ☐




७) ३० कौन-कौन सी संख्याओं का अपवर्त्य है, उसे खोजें। उनमें से ३० के अपवर्तकों या उत्पादकों को लिखें। ३० के अपवर्तकों की संख्या निश्चित या असंख्य है, देखें।

८) नीचे की संख्याओं के समापवर्तकों या समान उत्पादकों को खोजें और उनमें से कौन सबसे बड़ा समापवर्तक या समान उत्पादक है, देखें।

(क) ९, १५, (ख) २२, १२, (ग) २१, २८, (घ) २७, ३०



**शिक्षण सामर्थ्य :** *किसी दो संख्याओं के समापवर्तक या समान उत्पादकों की धारणा एवं उनके सबसे बड़े समापवर्तक या समान उत्पादक की धारणा।*

## रंगीन कार्डों का खेल



झिमली और रतन रंगीन कार्डों का एक नया खेल खेलेंगे। ढेर सारे १, १० और १०० के कार्ड हैं। मिहिर भी उनलोगों के साथ खेल में आ मिला।

झिमली ने तय किया है प्रतिबार ५ करके १ वाला कार्ड देगी। रतन और मिहिर कार्डों को लेकर गिनेंगे और कुल कितना पाये हिसाब करके बोलेंगे।

**झिमली ने दिया** **रतन ने पाय।**











देखा कि, ५ के अपवर्त्यों वाली संख्याओं की इकाई वाले घरों में ० अथवा [ ] आ रहा है। लेकिन और भी बड़ी संख्या से ५ को गुणा करने पर क्या वैसा ही मिलेगा?

| × | १ | २ | ३ | ४ | ५ | ६ | ७ | ८ | ९ | १० | ११ | १२ | १३ | १४ | १५ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ५ | ५ | १० | १५ | | | | | | | | | | | | |
| × | १६ | १७ | १८ | १९ | २० | २१ | २२ | २३ | २४ | २५ | २६ | २७ | २८ | २९ | ३० |
| ५ | ८० | | | | १०० | १०५ | | ११५ | | | १३० | | | | १५० |

बहुत बड़ी संख्या लेकर भी देख रही हूँ कि अपवर्त्यों के इकाई वाले घरों में हमेशा [ ] अथवा [ ] रह रहा है। इसप्रकार किसी संख्या की इकाई के घर में ० अथवा ५ रहने पर उस संख्या को ५ से भाग देने पर भागशेष [ ] पाएंगे। अर्थात **किसी संख्या की इकाई का अंक ० अथवा ५ रहने पर वह संख्या ५ द्वारा विभाज्य होगी।**

तब, किसी संख्या की इकाई वाले घर में कौन सा अंक होने पर वह संख्या ५ से विभाज्य नहीं होगी।

भागफल: २
५ ) द. इ.
१ १
−१ ०
शेष: १

भाग शेष [ ]

∴ ११, ५ से विभाज्य नहीं है

भागफल: २
५ ) द. इ.
१ २
−१ ०
शेष: २

भाग शेष [ ]

∴ १२, ५ से विभाज्य नहीं है

भागफल: ४
५ ) द. इ.
२ ४
−२ ०
शेष: ४

भाग शेष [ ]

∴ २४, ५ से विभाज्य नहीं है

भागफल: १ ५ ५
५ ) सै. द. इ.
७ ७ ६
−५
२ ७
−२ ५
२ ६
−२ ५
शेष: १

भाग शेष [ ]

∴ ७७६, ५ से विभाज्य नहीं है

भागफल: [ ]
५ ) सै. द. इ.
२ २ ८

भाग शेष [ ]

∴ २२८, ५ से विभाज्य नहीं है

भागफल: [ ]
५ ) सै. द. इ.
१ ८ ९

भाग शेष [ ]

∴ १८९, ५ से विभाज्य नहीं है

भागफल: [ ]
५ ) सै. द. इ.
४ २ ३

भाग शेष [ ]

∴ ४२३, ५ से विभाज्य नहीं है

भागफल: [ ]
५ ) सै. द. इ.
६ ८ ७

भाग शेष [ ]

∴ ६८७, ५ से विभाज्य नहीं है

**तितली के पंखों वाली संख्यायें ५ द्वारा विभाज्य हैं या नहीं हैं बिना भाग दिए लिखने की चेष्टा करें।**




खाली घरों में स्वयं संख्या बिठाएं

## केवल १० वाले कार्डों का खेल खेलें —

अब झिमली एक-एक करके **१०** कार्ड मिहिर को देगी। मिहिर गिनेगा। १० के **१०** कार्ड होने पर एक **१००** कार्ड लेगा।

| कार्ड | | | | |
|---|---|---|---|---|
| १० | → | १० × १ | → | |
| १० १० | → | १० × २ | → | |
| १० १० १० | → | १० × ३ | → | |
| १० १० १० १० | → | १० × ४ | → | |
| १० १० १० १० १० | → | १० × ५ | → | |
| १० १० १० १० १० १० १० १० १० १० | → | १० × १० | → १०० → | |

१० कार्डों के द्वारा गिनकर पाया, १० -के अपवर्त्यों वाली संख्याओं की इकाई में ☐ है।

| | | |
|---|---|---|
| द. इ.<br>१० ) २ १<br>– ☐<br>☐<br>भागशेष ☐<br>१० से ११ विभाज्य नहीं | द. इ.<br>१० ) ४ २<br>– ☐<br>☐<br>भागशेष ☐<br>१० से ४२ विभाज्य नहीं | द. इ.<br>१० ) ५ ४<br>– ☐<br>☐<br>भागशेष ☐<br>१० से ५४ ☐ |
| सै. द. इ.<br>१<br>१० ) १ १ ०<br>– १०<br>१ ०<br>– ☐<br>☐<br>भागशेष ☐<br>१० से ११० ☐। | सै. द. इ.<br>२ ०<br>१० ) २ ० ६<br>– २ ०<br>६<br>– ०<br>६<br>भागशेष ☐<br>१० से २०६ ☐। | सै. द. इ.<br>२ ०<br>१० ) २ ० ०<br>– २ ०<br>०<br>– ०<br>०<br>भागशेष ☐<br>१० से २०० ☐। |

पाया, जिन संख्याओं की इकाई के घर में ० रहे उस संख्या को १० से भाग देने पर भागशेष ☐ होगा। अर्थात वैसी सभी संख्याएँ १० से विभाज्य होंगी।

शिक्षण सामर्थ्य : *१० द्वारा विभाज्यता के नियमों की जानकारी।*

नीचे दी गई संख्याओं में १० से विभाज्य संख्या को ◯ घेरें।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| २० | ५० | ५५ | ६७ | ६० |
| ८० | ९८ | १०० | १०५ | २६० |
| २४८ | ३३०० | ३१० | ३६८९ | ४९० |

नीचे श्यामपट पर अनेक संख्या लिखी हैं। संख्याओं को नीचे दिए तीन घरों में ठीक तरह से बिठाएँ।

४, २०, २५, २८, २६,
३२, ३५, ४०, ८०,
१०५, ११०, १७०, १७५,
२२५, २३०, २४०५

| २ से विभाज्य संख्या | १० से विभाज्य संख्या | ५ से विभाज्य संख्या |
|---|---|---|
| ४, २०, | २०, | २०, २५, |

इसप्रकार देखा कि जो संख्याएँ १० से विभाज्य हैं, वे सभी ☐ और ☐ से भी विभाज्य हैं।

विभाज्यता का नियम लिखें।

| २ से विभाज्यता का नियम | ३ से विभाज्यता का नियम | ५ से विभाज्यता का नियम | १० से विभाज्यता का नियम |
|---|---|---|---|
| संख्याओं की इकाई के घर का अंक ☐ या ☐ या ☐ या ☐ या ☐ होगा। | संख्याओं के अंकों का योगफल ☐ द्वारा विभाज्य। | संख्याओं की इकाई के घर का अंक ☐ अथवा ☐ होगा। | संख्याओं की इकाई के घर का अंक ☐ होगा। |

**शिक्षण सामर्थ्य :** *२, ३, ५ और १० द्वारा विभाज्यता के नियमों की धारणा। १० द्वारा विभाज्य संख्या २ और ५ से भी विभाज्य की धारणा।*

## मेला चलें



बर्धमान जिला के भातार गाँव में शीला का घर है। वहाँ चैत्र का मेला लगा है। शीला अपने ८ दोस्तों के साथ मेला गयी है। उनलोगों ने तय किया है कि मेले में वे जो कुछ खरीदेंगे सभी मिलकर उसे समान भागों में भाग करके लेंगे।

शीला ने २७ चीनीमिट्टी की कटोरी ली।

प्रत्येक पायेगा [२७ ÷ ९] = [    ] पीस।

प्रत्येक ने [    ] पीस करके चीनीमिट्टी की कटोरी ली।

```
      ३
९ | द. इ.
  | २  ७
  |-२  ७
  -------
     ०
```

अब उसकी सहेली रूपसा ने २५ सीटियों को खरीदा।

उसके बाद प्रत्येक ने लिया [२५÷९] ➡

```
      २
९ | द. इ.
  | २  ५
  |-१  ८
  -------
     ७
```

अत: वे समान भागों में भाग करके नहीं ले सकेंगें।
क्योंकि २५, ९ से विभाज्य नहीं है।

अब मिलि ने ५४ पीस मोया खरीदा।

हिसाब करके देखें ५४, ९ से विभाज्य है कि नहीं। देखा ५४, ९ से विभाज्य है।

```
      ६
९ | द. इ.
  | ५  ४
  |-५  ४
  -------
     ०
```



किन्तु जल्द कैसे समझूंगी कि कौन सी संख्या ९ से विभाज्य होगी ?

यदि ऐसा करें [५४] → [५ + ४] = ९ → (९, ९ के द्वारा विभाज्य है)

अब ११० चूड़ियों को ९ लोगों में समान भागों में भाग किया जा सकता है कि नहीं, देखें।

```
९ | सै. द. इ.
  | १  १  ०
```

स्वयं करें

इसप्रकार, ९ से विभाज्य नहीं है।

फिर, [११०] → [१+१+०] = २ → (२, ९ से विभाज्य नहीं)

१. **शिखा ने १ पैकेट लॉजेंस खरीदा। गिनकर देखा पैकेट में १२६ लॉजेंस हैं। हम ९ लोग समान संख्या में बगैर तोड़े ही लॉजेंसों को ले सकेंगें कि नहीं, देखें।**

१२६ ➡ [१ + २ + ६] = ९ ➡ ९ द्वारा विभाज्य

पंरतु क्या १२६, ९ द्वारा विभाज्य होगा। भाग करके देखें।

सैं. द. इ.

| | भागफल/भाज्य |
|---|---|
| | १ ४ |
| ९ | १ २ ६ |
| | − ९ |
| | ३ ६ |
| | − ३ ६ |
| | ० |

१२६, ९ द्वारा विभाज्य हुआ।

**हममें प्रत्येक ने [ ] करके लॉजेंस पाया।**

२. **सुदीप्त ने १ किलोग्राम जलेबियों को खरीदा। गिनकर देखा ४८ जलेबियाँ हैं। ४८ जलेबियों को हम ९ लोग टुकड़े किये बिना समान भागों में भाग करके खा सकते हैं कि नहीं, देखें।**

४८ ➡ ४ + ८ = १२ ➡ ९ द्वारा [ ]

तब, ४८, ९ से विभाज्य होगा कि नहीं भाग देकर देखें

द. इ.

| | भागफल/भाज्य |
|---|---|
| | ५ |
| ९ | ४ ८ |
| | − ४ ५ |
| | ३ |

४८, ९ द्वारा विभाज्य नहीं है।

३. **शीला और उसके ८ दोस्तों ने कुल २२५ रुपये गाड़ी भाड़ा देकर घर वापस आये। प्रत्येक का भाड़ा समान होने पर, कितना रुपया करके प्रत्येक भाड़ा देगा, हिसाब करें।**

२२५ ➡ २ + २ + ५ = [ ] ➡ ९ द्वारा [ ]

तब, २२५, ९ से विभाज्य होगा कि नहीं भाग देकर देखें।

सै. द. इ.

| | भागफल/भाज्य |
|---|---|
| | [ ] |
| ९ | २ २ ५ |
| | − [ ] |
| | [ ] |
| | − [ ] |
| | [ ] |

२२५, ९ द्वारा [ ]

**प्रत्येक ने [ ] रुपया करके गाड़ी भाड़ा दिया।**







*पतंगों के खाली घरों में अपनी इच्छानुसार संख्या बिठाएं।*

| | | | |
|---|---|---|---|
| द. इ.<br>५<br>९ ) ४ ५<br>– ४ ५<br>०<br><br>४५ ➡ ४ + ५ = ९ ➡<br>९ द्वारा विभाज्य और ३ द्वारा भी विभाज्य | द. इ.<br>३<br>९ ) ३ ०<br>– २ ७<br>३<br><br>३० ➡ ३ + ० = ३ ➡<br>९ द्वारा विभाज्य और ३ द्वारा भी विभाज्य | द. इ.<br>६<br>९ ) ५ ४<br>– ५ ४<br>०<br><br>५४ ➡ ५ + ४ = ९ ➡<br>९ द्वारा विभाज्य और ३ द्वारा भी विभाज्य | द. इ.<br>७<br>९ ) ६ ६<br>– ६ ३<br>३<br><br>६६ ➡ ६ + ६ = १२ ➡<br>९ द्वारा विभाज्य नहीं लेकिन ३ द्वारा ____ । |

**भाग दिये बिना ९ द्वारा विभाज्य की नहीं, देखें**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ६९ | ➡ | ६ + ९ = १५ | ➡ | १५, ९ के द्वारा ____ | ➡ | ६९, ९ के द्वारा विभाज्य नहीं |
| ७२ | ➡ | ___ + ___ = ___ | ➡ | ___, ९ के द्वारा ____ | ➡ | ७२, ९ के द्वारा ____ |
| ११८ | ➡ | ___ + ___ + ___ = ___ | ➡ | ___, ९ के द्वारा ____ | ➡ | ११८, ९ के द्वारा ____ |
| ३५१ | ➡ | ___ + ___ + ___ = ___ | ➡ | ___, ९ के द्वारा ____ | ➡ | ३५१, ९ के द्वारा ____ |




३ द्वारा विभाज्य संख्या लिखें।

९ द्वारा विभाज्य संख्या लिखें।

देखा, जो संख्याएं ९ से विभाज्य हैं वे ____ द्वारा भी विभाज्य हैं। लेकिन ३ द्वारा विभाज्य संख्या हमेशा ९ द्वारा विभाज्य ____ है।

**शिक्षण सामर्थ्य :** *९ द्वारा विभाज्यता के नियमों की धारणा। ९ से विभाज्य संख्या हमेशा ३ से विभाज्य। किन्तु ३ से विभाज्य संख्या हमेशा ९ से विभाज्य नहीं की धारणा।*

# दल बनाकर खेलें

पीयूष और पलास का घर मालदह जिले के काँटामणि गाँव में है। वे प्रतिदिन शाम को अपने पाड़ो के बड़े मैदान में खेलते हैं। आज उन्होंने ठीक किया है कि समान संख्या में दल बनाकर खेलेंगे। अभी मैदान में मात्र पीयूष और पलास ही आए हैं।





*हम मात्र २ लोग हैं, समान संख्या में कितने तरह से दल बना सकते हैं, देखें*




२ –का अपवर्तक या उत्पादक ____ और ____
अर्थात २ –के २ अपवर्तक या उत्पादक हैं।
हम १ अथवा २ लोगों का दल बना सकते हैं।
अर्थात२ तरह से दल बना सकेंगे।

प्रीतम हमारे साथ खेलने आया। अब हम कुल ____ लोग। अब कितने समान दल होंगे, देखें।




३ – के अपवर्तक या उत्पादक ____ और ____ अर्थात ३ –के २ अपवर्तक या उत्पादक हैं।
अभी भी हम २ तरह से ही दल बना सकेंगे। १ अथवा ३ लोगों का दल।

इसबार पियाली खेलने आयी। अब हम कुल ____ लोग। अब कितने समान दल होंगे, देखें




४ –के अपवर्तक या उत्पादक ____, ____ और ____ अथार्त् ४ –के ____ अपवर्तक या उत्पादक हैं।

हम १ जन, २ जन अथवा २×२ = ४ लोगों का दल बना सकते हैं। हमलोग ३ तरह से समान संख्या में दोस्तों का दल बना सकते हैं।




और एक मित्र के आ जाने से, हम ____ लोग हो गए।
अब कितने समान दल बना सकेंगे देखें।

दोबारा हम समान संख्या के दो दल बना सकेंगे। १ दल अथवा ५ दल।

*लेकिन ऐसा क्यों पा रहा हूं? कभी २ तरह से समान दल बना रहा हूं। और कभी २ से अधिक तरह से समान दल बना रहा हूं।*



कुछ संख्याएं हैं जिनके अपवर्तक या उत्पादक १ या वही संख्या है।

अथार्त् **कुछ संख्याएं हैं जिनके मात्र २ अपवर्तक या उत्पादक हैं, उन्हें हम मौलिक संख्या बोलते हैं।**




**जिन संख्याओं के १ और उसी संख्या के अलावा अन्य अपवर्तक या उत्पादक हैं उन्हें यौगिक संख्या बोलते हैं।**

१-का अपवर्तक या उत्पादक १ है। अत: १-के अपवर्तक या उत्पादक की संख्या भी १ ही है।

***इसप्रकार, १ मौलिक संख्या भी नहीं और यौगिक संख्या भी नहीं है।***

अतएव समझा, [२], [ ], और [ ] मौलिक संख्याएं हैं क्योंकि [ ], [३] और [५] के मात्र २ अपवर्तक हैं।

परन्तु ४ यौगिक संख्या है। क्योंकि, ४ के [२]- से अधिक अपवर्तक या उत्पादक हैं।

६, ७, ८ —संख्याएं मौलिक हैं या यौगिक, निर्णय करें।




६ के उत्पादक या अपवर्तकों की संख्या है [ ]।

अत: ६ एक [ ] संख्या है। (मौलिक / यौगिक)

७ के उत्पादक या अपवर्तकों की संख्या है [ ]।

अत: ७ एक [ ] संख्या है। (मौलिक / यौगिक)







८ के उत्पादक या अपवर्तकों की संख्या [ ] है।

अत: ८ एक [ ] संख्या है। (मौलिक / यौगिक)

**स्वयं करें**

९, १०, ११, १२ और १४ इनमें कौन मौलिक संख्या और कौन यौगिक संख्या है, निर्णय करें।




**शिक्षण सामर्थ्य :** *मौलिक और यौगिक संख्या की धारणा। १- मौलिक या यौगिक संख्या नहीं है की धारणा।*

## हाथों–हाथ करके देख लें

लगे हाथ काम करके १ से १० तक के अपवर्त्यों और अपवर्तकों को खोजें और कौन–कौन मौलिक संख्याएं हैं, देखें।

मैंने १०० समान वर्गाकार खाने बने एक कागज को लिया।
जिसके ऊपर और बगल में १ से १० तक लिखा है।






चित्रानुसार, लम्बवत् १ –के प्रत्येक घर में हरा रंग दिया।

लम्बवत् २ –के शुरू से १ घरों के अन्तराल पर लाल रंग दिया।

लम्बवत् ३ –के शुरू से २ घरों के अंतराल पर नीला रंग दिया।

लम्बवत् ४ –के शुरू से ३ घरों के अंतराल पर पीला रंग दिया।

लम्बवत् ५ –के शुरू से ४ घरों के अंतराल पर बादामी रंग दिया।

लम्बवत् ६ –के शुरू से ५ घरों के अंतराल पर बैंगनी रंग दिया।

लम्बवत् ७ –के शुरू से ६ घरों के अंतराल पर नारंगी रंग दिया।

लम्बवत् ८ –के शुरू से ७ घरों के अंतराल पर अपनी इच्छानुसार अन्य रंग दिया।

लम्बवत् ९ –के शुरू से ८ घरों के अंतराल पर अपनी इच्छानुसार अन्य रंग दिया।

लम्बवत् १० –के शुरू से ९ घरों के अंतराल पर अपनी इच्छानुसार अन्य रंग दिया।



खॉके से १ –के अपवर्त्यों को लंबवत् सभी हरे रंग वाले घरों में पाया। अर्थात १, २, ३, ......

२ –के अपवर्त्यों को पाया सभी लाल रंग वाले घरों में। अर्थात [२], [ ], [ ], [ ], [ ]

इसीप्रकार ३ –के अपवर्त्यों को पाया सभी [ ] रंग वाले घरों में। अर्थात [३], [ ], [ ]

फिर खॉके साथ वाले १ –के कतार में पाया हरे रंग के घरों में उत्पादक या अपवर्तक [१] को।

उसीप्रकार २ –के कतार में हरे और लाल रंग के घरों में अपवर्तकों या उत्पादकों [ ] और [ ] को पाया।

अतः २ एक [ ] (मौलिक / यौगिक) संख्या है।

३ –के कतार में [ ] और [ ] रंग के घरों में अपवर्तकों या उत्पादकों [ ] और [ ] को पाया।

अतः ३ एक [ ] (मौलिक / यौगिक) संख्या है।

४ –के अपवर्तकों या उत्पादकों [ ], [ ] और [ ] को पा रहा हूँ।

अतः ४ एक [ ] (मौलिक / यौगिक) संख्या है।

५ –के अपवर्तकों या उत्पादकों [ ], [ ] को पा रहा हूँ।

अतः ५ एक [ ] (मौलिक / यौगिक) संख्या है।

६ –के अपवर्तकों या उत्पादकों [ ], [ ], [ ] और [ ] को पा रहा हूँ।

अतः ६ एक [ ] (मौलिक / यौगिक) संख्या है।

१ से १० के बीच मौलिक संख्याएं मिलीं [२], [ ], [ ] और [ ]।

१ से़ १० के बीच यौगिक संख्याएं मिलीं [४], [ ], [ ] और [ ]।

१ मौलिक संख्या अथवा यौगिक संख्या किसी में [ ] है।

## स्वयं करें

*समान रूप से विभिन्न रंगों या चिह्नों को देकर १ से २० तक की संख्याओं के बीच वाली मौलिक संख्याओं को खोजें।*





## मैं १ से १०० तक की संख्याओं के मध्य मौलिक संख्याओं को खोजूं

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | २ | ३ | ४ | ५ | ६ | ७ | ८ | ९ | १० |
| ११ | १२ | १३ | १४ | १५ | १६ | १७ | १८ | १९ | २० |
| २१ | २२ | २३ | २४ | २५ | २६ | २७ | २८ | २९ | ३० |
| ३१ | ३२ | ३३ | ३४ | ३५ | ३६ | ३७ | ३८ | ३९ | ४० |
| ४१ | ४२ | ४३ | ४४ | ४५ | ४६ | ४७ | ४८ | ४९ | ५० |
| ५१ | ५२ | ५३ | ५४ | ५५ | ५६ | ५७ | ५८ | ५९ | ६० |
| ६१ | ६२ | ६३ | ६४ | ६५ | ६६ | ६७ | ६८ | ६९ | ७० |
| ७१ | ७२ | ७३ | ७४ | ७५ | ७६ | ७७ | ७८ | ७९ | ८० |
| ८१ | ८२ | ८३ | ८४ | ८५ | ८६ | ८७ | ८८ | ८९ | ९० |
| ९१ | ९२ | ९३ | ९४ | ९५ | ९६ | ९७ | ९८ | ९९ | १०० |

(१) पहले १ को इस '/' दाग से काटें, क्योंकि १ मौलिक संख्या भी नहीं एवं यौगिक संख्या भी नहीं।

(२) इसके बाद २ को '◯' इसप्रकार गोल घेरें एवं २ के अलावा २ के अन्य अपवर्तकों अर्थात ४, ६, ८, ....... को इस '/' दाग द्वारा काटें।

(३) देखा कि २ -के ठीक बाद वाली संख्या हुई ३ -जिसे काटा नहीं गया। ३ -को '◯' इस प्रकार गोल घेरें एवं ३ के अलावा ३ के अन्य अपवर्तकों अर्थात ६, ९, १२, ..... को इस '/' दाग से काटें।

(४) देखा कि ३ -के ठीक बाद वाली संख्या हुई ५ -जिसे काटा नहीं गया है। ५ -को '◯' इस प्रकार गोल घेरें और ५ के अलावा ५ -के अन्य अपवर्तकों अर्थात १०, १५, २०, ....... को इस '/' दाग से काटें।

(५) इस प्रकार जब तक उस तालिका की सभी संख्याओं को '/' इस दाग से अथवा '◯' इसप्रकार गोल घेरते नहीं, तब तक ऊपर वाली पद्धति जारी रखेंगे।

उस खॉके के सभी '◯' इस प्रकार गोल की गयी संख्याएं हुई '**मौलिक संख्या**' एवं '/' दाग से काटी गयी संख्याएं हुई '**यौगिक संख्या**'।

ग्रीक गणितज्ञ **इराटोस्थिनिस** (**Eratosthenes**) ने ईसा पूर्व तीसरी शताब्दी में किसी संख्या के अपवर्तकों या उत्पादकों को न निकालकर सहजता से १ से १०० तक की संख्याओं में मौलिक संख्याओं को खोजने की इस विधि को बताया था।

इस पद्धति को '**इराटोस्थिनिस की चलनी**' (**Sieve of Eratosthenes**) कहा जाता है।

**शिक्षण सामर्थ्य :** *सक्रियता आधारित कार्य के द्वारा मौलिक और यौगिक संख्याओं के निर्णय की धारणा।*



इस प्रकार १ से १०० के बीच किन मौलिक संख्याओं को पाया, लिखें।

२ , ३ ,

मौलिक संख्या खोजते समय देखा, २ के अलावा सभी मौलिक संख्याएं ____ (सम/ विषम) संख्याएं हैं।
एक मात्र सम मौलिक संख्या हुई ____ । अतः २ हुई सबसे छोटी मौलिक संख्या।

फिर बारी-बारी बहुत सी विषम संख्याएं, मौलिक संख्या हैं। जैसे- ३, ५ ; ____, ____ ; ____, ____ ; ____, ____
इनका क्या कोई दूसरा नाम है?

इन्हें ***जुड़वाँ मौलिक संख्या*** या ***युग्म मौलिक संख्या*** कहा जाता है।

७ एक ____ (मौलिक / यौगिक) संख्या है। ७ -के बाद की मौलिक संख्या ____



*तब क्या ७ और ११ को जुड़वाँ मौलिक संख्या कहेंगे?*

**७ और ११ जुड़वाँ मौलिक संख्या नहीं हैं।**

क्योंकि ७ -के बाद विषम संख्या है ____ । लेकिन ९ मौलिक संख्या नहीं है। यदि ७ के बाद वाली विषम संख्या मौलिक होती तब ७ और वह संख्या जुड़वाँ मौलिक संख्या होती।




तब दो जुड़वाँ मौलिक संख्याओं में अंतर कितना होगा, देखें।

चूँकि दो जुड़वाँ मौलिक संख्याएं बारी-बारी विषम संख्याएं होती हैं। अतः उनका अंतर या वियोगफल होगा ____ ।

**जुड़वाँ मौलिक संख्याएं हुईं वैसी दो मौलिक संख्याएं जिनका वियोगफल है २।**




## *पेड़ के फलों में मौलिक संख्या लिखें*

२ –के अपवर्तक हैं ☐ और ☐। और
१३ के अपवर्तक हुए ☐ और ☐।
२ और १७ इन दोनों मौलिक संख्याओं का समापवर्तक है ☐।

*अन्य दो अलग संख्याओं को लेकर उनका समापवर्तक खोजें*






मौलिक संख्या ७ और २३ का समापवर्तक ☐ है।

पाया कि, किन्हीं दो अलग–अलग मौलिक संख्या का समापवर्तक है ☐।



*स्वयं दो अलग–अलग मौलिक संख्याओं को लेकर समापवर्तक खोजें।*




मेरे द्वारा लिखी दो अलग–अलग मौलिक संख्याएं ☐ और ☐ –का समापवर्तक ☐ है।

पाया कि, किन्हीं दो अलग–अलग मौलिक संख्या का समापवर्तक है ☐।

**पत्थरों के ऊपर यौगिक संख्या लिखें**







इसप्रकार ६ के अपवर्तक या उत्पादक ☐, ☐, ☐ और ☐।

२१ के अपवर्तक या उत्पादक ☐, ☐, ☐ और ☐।

६ और २१ –के समापवर्तक ☐ और ☐।













८ के अपवर्तक या उत्पादक ☐, ☐, ☐ और ☐।

९ के अपवर्तक या उत्पादक ☐, ☐ और ☐।

८ और ९ के समापवर्तक ☐।

देखा दो यौगिक संख्याओं का भी समापवर्तक १ हो सकता है।

*दो संख्याओं का समापवर्तक १ होने पर उसे कौन सी संख्या कहेंगे ?*



**दो संख्याओं का समापवर्तक १ के होने पर उन्हें परस्पर मौलिक संख्या कहा जाता है।**

## स्वयं करें

१. मौलिक संख्या होने पर फूलों में **हरा** रंग और यौगिक संख्या होने पर **लाल** रंग भरें।




स्वयं करें

२. १ से २०० तक खॉका बनाकर 'इराटोस्थिनिस की चलनी' पद्धति से मौलिक संख्याओं को खोज निकालें।

३. जुड़वाँ मौलिक संख्या खोजें और लिखें।




४. परस्पर मौलिक संख्या वाले पक्षियों के डैनों में रंग भरें।




स्वयं करें स्वयं करें

## फूलों की पंखुड़ियों में लिखें













देख रहा हूँ, ४ = [२] × [ ],    ६ = [२] × [३],    १५ = [ ] × [ ],    ५६ = [ ] × [८]

४ को दो, २ के गुणनफल के रूप में लिखा। यहाँ, २ हुआ ४ -का अपवर्तक या उत्पादक।

६ को [ ] और [ ] -के गुणनफल के रूप में लिखा। यहाँ २ और ३ हुआ ६ -का अपवर्तक या उत्पादक।

*इसप्रकार प्रत्येक संख्या को उनके अपवर्तकों के गुणनफल के रूप में प्रकाशित किया जा सकता है।*
*इस प्रकार से प्रकाशित करने को क्या कहेंगे?*

**इसे उत्पादकों में विश्लेषण कहा जाता है**

**३० -का कितने प्रकार से उत्पादकों में विश्लेषण कर सकेंगे, देखें।**







दूसरी तरह से लिखें

२ | ३०
३ | १५ → ☐
५ → ☐



३० = ५ × ६ और, ३० = २ × ३ × ५ इस तरह से भी उत्पादकों में विश्लेषित किया जा सकता है। कौन सा करेंगे?

३० = ५ × ६ ⟶ इस उत्पादक विश्लेषण में ६ ☐ (मौलिक / यौगिक) संख्या है।

लेकिन ३० = २ × ३ × ५ ⟶ इस उत्पादक विश्लेषण में २, ३ और ५ अर्थात प्रत्येक उत्पादक मौलिक संख्या है।

अत: इन उत्पादकों को मौलिक उत्पादक कहा जाता है। ३० = २×३×५ को मौलिक उत्पादकों में विश्लेषण कहेंगे।

यदि ३० = १ × २ × ३ × ५ हो, तब १, २, ३, ५ -इन उत्पादकों को भी क्या मौलिक उत्पादक कहेंगे?

चूँकि १ मौलिक संख्या नहीं है अत: १ -को मौलिक उत्पादक नहीं बोलेंगे।

## ८ और १२ का मौलिक उत्पादकों में विश्लेषण करें




दूसरी तरह

२ | ८
→ ८ ÷ २
→ ४ ÷ २

८ = ☐ × ☐ × ☐

८ के मौलिक उत्पादक ☐




दूसरी तरह

२ | १२
२ | ६ → १२ ÷ २
३ → ६ ÷ २

१२ = ☐ × ☐ × ☐

१२ के मौलिक उत्पादक ☐ और ☐

मौलिक उत्पादकों में विश्लेषण करें —

१४ = ☐ × ☐,   १८ = ☐ × ☐ × ☐,   २५ = ☐ × ☐,

शिक्षण सामर्थ्य : *मौलिक उत्पादकों में विश्लेषण की धारणा।*

# नारियल लेकर बाजार को चलें



सतीश बाबू नारियल लेकर बाजार जाएंगे। वे बोरे में नारियलों को भर रहे हैं।

१ बोरे में २५ नारियलों को रखा है।

१५ बोरे में उन्होंने कितना नारियल रखा है आसानी से हिसाब करने की चेष्टा करें।

१५ बोरे में रखा है २५ × १५ नारियल।



२५ को १५ से आसानी से गुणा करें।

१५ = [ ३ ] × [ ]

इस प्रकार २५ को पहले ३ से गुणा करें। फिर ५ से गुणा करें




कुल नारियलों की संख्या = २५ × ३ × ५ नारियल

= ७५ × ५ नारियल

= ३७५ नारियल

किन्तु सतीश बाबू के मित्र श्यामल बाबू भी ३५ बोरा नारियल लेकर बाजार गए। श्यामल बाबू भी प्रति बोरा २५ नारियल भरकर ले गए हैं।

श्यामल बाबू कितना नारियल लेकर गए हैं हिसाब करें।

१ बोरे में है [ ] नारियल

३५ बोरे में हैं [ ] × [ ] नारियल




२५ को ३५ से आसानी से गुणा करें।

३५ –का उत्पादकों में विश्लेषण करें।

३५ = [ ] × [ ]



श्यामल बाबू नारियल लेकर गए हैं

= २५ × ३५ नारियल

= २५ × [ ] × [ ] नारियल

= [ ] × [ ] नारियल = [ ] नारियल

# सायकिल खरीदने हेतु रुपये जमा करें



पार्थ एक सायकिल खरीदेगा। इसलिए वह प्रतिदिन १२ रुपये करके अपनी मिट्टी वाली गुल्लक में जमा करता है। १ जनवरी से उसने जमा करना शुरू किया है।

पार्थ ने ३१ जनवरी तक रुपये जमा किए हैं।

देखें ३१ दिनों में वह कुल कितने रुपये जमा कर सका।

१ दिन में जमा किया □ रुपये।

३१ दिनों में संचय किया □ × □ रुपये।



३१ का या १२ का उत्पादक में विश्लेषण करूंगा ?
किसे उत्पादक में विश्लेषण करने पर सुविधा होगी, देखें।




१२ = २ × □ × ३, ३१ = ३१ × १

इसप्रकार देखा कि १२ का उत्पादक में विश्लेषण करने से गुणा करने में सुविधा होगी।

अतएव कुल जमा हुए = ३१ × १२ रुपये

= ३१ × २ × □ × □ रुपये

= [२] × □ × □ रुपये

= [३] × □ रुपये

= □ रुपये




**(१) उत्पादकों में विश्लेषण कर सहजता से गुणा करने की चेष्टा करें।**

(क) ४४ × १५ (ख) १२३ × १२ (ग) १०५ × १८

(घ) ९८ × २५ (ङ) २१३ × २१ (च) २३७ × २७

**(२) [१३५ × २४] हिसाब करें।**

२४ = □ × □ × □ × □

१३५ × २४

= १३५ × □ × □ × □ × □

= □ × □ × □ × □ = □



## आसानी से भाग करें



ऊषा के पास ढेर सारी दियासलाई की तीलियाँ हैं। आज उसने सोचा है कि उन तीलियों को समान भागों में भाग करके दियासलाई की डिबिया में रखेगी। ऊषा ने गिनकर देखा उसके पास १०८ दियासलाई की तीलियाँ है और दियासलाई की ६ खाली डिबिया हैं।



*क्या मैं समान संख्या में भाग करके रख पाऊंगी ?*
*नए तरीके से सहज भाग करने की चेष्टा करूं।*

मैं पहले १०८ ÷ २ = ५४ तीलियों को लेकर भाग करूं। ५४ तीलियों को ६ डिबिया में समान संख्या में रखूंगी।




पहले ५४ तीलियों को ६ डिबिया में समान संख्या में भाग करके रखने पर प्रति डिबिया ९ तीलियों को रखा।

